आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 22 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-085 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## विकास का उदय और अस्त होता लाल आतंक

**दृष्टिकोण**

**संजय दुबे**



कभी नक्सल हिंसा से दहलने वाली छत्तीसगढ़ की धरती आज विकास की नई कहानी लिख रही है। विशेषकर बस्तर जैसे क्षेत्र, जो वर्षों तक लाल आतंक के गढ़ रहे, अब शांति, विश्वास और प्रगति की मिसाल बनते जा रहे हैं। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ, बल्कि केंद्र और राज्य सरकारों की साझा रणनीति, सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई और स्थानीय समुदाय की भागीदारी का परिणाम है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य अब हकीकत के करीब नजर आ रहा है। शाह नक्सल उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रभावित राज्यों का दौरा कर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं, छत्तीसगढ़ पर उनका विशेष फोकस है। वर्ष 2024 में जहां 290 नक्सली मारे गए, 1090 गिरफ्तार हुए और 881 ने आत्मसमर्पण किया, वहीं 2025 की शुरुआत में ही 119 नक्सली मारे जा चुके हैं, 143 गिरफ्तार हुए और 164 ने हथियार छोड़ दिए हैं, मारे गए नक्सलियों में नक्सलियों के महसचिव बसवराजू समेत कई बड़े नेता शामिल हैं । ये सिर्फ आंकड़े नहीं , बल्कि एक बड़ी सामाजिक और मानसिक क्रांति के संकेत हैं।

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की जड़ें वर्षों की विकासहीनता, प्रशासनिक उपेक्षा और आदिवासी पीड़ा में थी। बंदूक, यहाँ के युवाओं के लिए व्यवस्था से लड़ने का प्रतीक बन गई थी। लेकिन अब तस्वीर तेजी से बदल रही है। पहले जहां सड़कें नहीं थीं, वहां आज पक्के रास्ते हैं। जहां संचार नहीं पहुंचा था, वहां अब मोबाइल टावर खड़े हैं। स्कूलों में फिर से बच्चों की आवाजें गूंज रही हैं और अस्पतालों तक दवाइयां पहुँच रही हैं। यहाँ तक की सोलर ऊर्जा के माध्यम से दूरदराज के गांवों में भी रोशनी फैल रही है।

सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति इस बदलाव में अहम भूमिका निभा रही है। हथियार छोड़ने वाले नक्सलियों को न केवल सुरक्षा और पुनर्वास मिल रहा है, बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी दिया जा रहा है। यह रणनीति कठोरता के साथ मानवीय दृष्टिकोण का सुंदर संतुलन है—जो यह दिखाता है कि सुधार का रास्ता हमेशा खुला रहता है।

हालांकि चुनौतियाँ अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। बस्तर की जटिल भौगोलिक स्थिति, कुछ क्षेत्रों में प्रशासन के प्रति अविश्वास और बाहरी माओवादी नेतृत्व की सक्रियता अब भी बाधा बन रही है। मगर सरकार की नीति में मौजूद दृढ़ता और संवेदनशीलता के संतुलन ने इस लड़ाई को नया आयाम दिया है।

एक वक्त था जब देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कहना पड़ा था की नक्सलवाद देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है. माओवादी बस्तर समेत देश के कई जिलों में अपनी समानांतर सरकार चला रहे थे, नासूर बन चुके ये नक्सली अब अपने सबसे सुरक्षित गढ़ माने जाने वाले बस्तर में अंतिम सांस ले रहे हैं तो कहीं न कहीं इसका श्रेय देश के गृहमंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को देना होगा.

यदि यह प्रयास सफल होता है, तो छत्तीसगढ़ की पहचान 'लाल आतंक' से बदलकर 'विकास, शांति और विश्वास' की मिसाल बन जाएगी। यह बदलाव यह भी सिखाएगा कि बंदूक से नहीं, बल्कि बेहतर विकल्पों, संवेदनशील नीति और जनभागीदारी से ऐसी लड़ाइयाँ जीती जाती हैं।

# नक्सलवाद के खात्मे को लेकर अमित शाह की बड़ी बैठक

**रायपुर,22 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को रायपुर पहुंचे, जहां उन्होंने नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी कैंपस और हाईटेक फोरेंसिक लैब का शिलान्यास किया। हाईटेक फोरेंसिक लैब से सबूतों की जांच के लिए साइंटिफिक प्रोफेशनल तैयार होंगे, जांच में तेजी आएगी। नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद गृहमंत्री शाह नवा रायपुर स्थित होटल में छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश के डीजीपी और एडीजीपी रैंक के अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंधित उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। शाह शाम को नक्सल ऑपरेशन पर विशेष समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में नक्सल ऑपरेशनों की वर्तमान स्थिति, अंतरराज्यीय समन्वय, खुफिया तंत्र की मजबूती, और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर चर्चा हो सकती है। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृहमंत्री नक्सलवाद पर नकेल कसने के लिए लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं. उनके प्रयासों से आज माओवाद पूरी तरह से बैकफुट पर नजर आ रहा है.

### छत्तीसगढ़ को एनएफएसयू कैंपस-फोरेंसिक लैब की दी सौगात



### अबूझमाड़ भी जाएंगे शाह

दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आए केंद्रीय गृह मंत्री शाह सोमवार को सुबह नारायणपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वे अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे बीएसएफ के जवानों के साथ भी संवाद करेंगे।

### एनएफएसयू की स्थापना से क्या-क्या फायदें


- एनएफएसयू की स्थापना से लंबित प्रकरणों की संख्या में कमी आएगी।
- जिन जांचों के लिए अभी दूसरे राज्यों के विशेषज्ञों पर निर्भर हैं, उस तरह के प्रोफेशनल अब प्रदेश में तैयार होने लगेंगे।
- आम लोगों को आसानी और जल्दी न्याय मिलेगा।
- अभी रिपोर्ट लेट होने से आरोपी को अनावश्यक जेल में रहना पड़ता है।
- रिपोर्ट जल्दी आएगी, जिससे कोर्ट अपना फैसला जल्दी सुनाएगा।
- टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन के नए एक्सपर्ट तैयार होंगे।
- साइबर अपराधों की जांच
- आरोपियों की धरपकड़ आसान होगी.

## बस्तर में मलेरिया से बड़ी राहत, 72 फीसदी की कमी आई

**रायपुर,22 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ सरकार के मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को बस्तर संभाग में बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर जैसे संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में मलेरिया के मामलों में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है। राज्य शासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बस्तर संभाग में मलेरिया धनात्मक दर 4.60 प्रतिशत से घटकर मात्र 0.46 प्रतिशत रह गई है। वहीं वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2024 में मलेरिया के मामलों में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। राज्य का वार्षिक परजीवी सूचकांक (एपीआई) वर्ष 2015 में 5.21 था, जो घटकर 2024 में 0.98 हो गया है। बस्तर संभाग का एपीआई इसी अवधि में 27.4 से घटकर 7.11 तक पहुंचा है। 2023 की तुलना में 2024 में मलेरिया प्रकरणों में 8.52 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हमारी सरकार की जन-केंद्रित सोच और समर्पित स्वास्थ्य प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र में मलेरिया नियंत्रण में मिली यह सफलता स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों, मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रमाण है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे छत्तीसगढ़ को मलेरिया मुक्त बनाना है और इस दिशा में ठोस प्रयास लगातार जारी हैं। अभियान के तहत मच्छरदानी वितरण, घर-घर जाकर जांच, त्वरित उपचार, और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित किया गया है। वर्ष 2024 में अभियान के 10वें और 11वें चरणों में विशेष निगरानी और उपचार कार्यों के चलते मलेरिया नियंत्रण को और बल मिला है।





# अमेरिकी बमबारी के बाद ईरान ने किया बड़ा पलटवार

## ट्रंप को भी अंजाम भुगतने की दी धमकी

**तेहरान,22 जून।** ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने इजरायल पर 20वीं बार मिसाइल हमला किया है, जिसमें खैबर शेकन नाम की उन्नत बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल हुआ. यह हमला बेन गुरियन हवाई अड्डे और इजरायल के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया. यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों के बाद किया गया है. इजरायल और ईरान संघर्ष के बीच रविवार सुबह अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। अमेरिका का दावा है कि इन हमलों से ईरान का परमाणु हथियार बनाने का सपना चकनाचूर हो गया है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान पूरी तरह बौखला उठा है। एक तरफ उसने इजरायल पर हमले और तेज कर दिए हैं। वहीं, दूसरी तरफ धमकी दी है कि मिडिल ईस्ट में मौजूद हर अमेरिकी नागरिक अब ईरान के निशाने पर आ चुके हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक सरकारी टेलीविजन एंकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दे रहा है। उसने कहा कि ईरान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन कर अमेरिका ने ईरान के युद्ध अपराध किया है। अमेरिका ने इस कार्रवाई को शुरू की है लेकिन खत्म हम करेंगे।



### क्या है खैबर शेकन मिसाइल

खैबर शेकन ईरान की सबसे आधुनिक और शक्तिशाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों में से एक है. इसका नाम सातवीं सदी की खैबर की लड़ाई से प्र प्रेरित है, जो इस्लामिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण युद्ध था. यह मिसाइल ईरान की सैन्य ताकत का प्रतीक है. इसे विशेष रूप से दुश्मन के हवाई रक्षा तंत्र को चकमा देने के लिए डिजाइन किया गया है.)

## छत्तीसगढ़ में अब तक 55.00 मिमी बारिश हुई

**रायपुर,22 जून।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 55.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक जशपुर जिले में सर्वाधिक 188.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। नारायणपुर जिले में सबसे कम 13.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 74.4 मि.मी., सूरजपुर में 86.4 मि.मी., बलरामपुर में 187.7 मि.मी., कोरिया में 127.0 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 55.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 38.6 मि.मी. बलौदाबाजार में 41.9 मि.मी., गरियाबंद में 47.5 मि.मी., महासमुंद में 30.4 मि.मी. और धमतरी में 24.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 23.1 मि.मी., मुंगेली में 14.8 मि.मी. रायगढ़ में 112.7 मि.मी., सारंगढ़ बिलाईगढ़ में 40.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 42.5 मि.मी., सक्ती में 47.6 मि.मी. कोरबा में 63.9 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 49.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है।

## नक्सलियों ने 2 को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर,22जून।** छत्तीसगढ़ में आज केंद्रीय मंत्री अमित शाह दौरे पर आ रहे हैं. इससे पहले बीजापुर में नक्सलियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने आत्मसमर्पित नक्सली और एक ग्रामीण की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना के बाद से इलाके में दहशत फैल गई है. मामला पामेड़ थाना अंतर्गत यमपुर सैंड्रा बोर गांव का है. जानकारी के मुताबिक, यमपुर सैंड्रा बोर गांव में नक्सलियों ने बीती रात घटना को अंजाम दिया. पूर्व माओवादी वेको देवा व ग्रामीण समैया को मुखबिरी के शक में मौत के घाट उतार दिया. इस मामले में बीजापुर एसपी डॉक्टर जितेंद्र यादव ने बताया कि ऐसी घटना की जानकारी उनको मिली है.

## पहलगांव में आतंकियों को पनाह देने वाले दो मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर,22 जून।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सफलता मिली है. एनआईए की टीम ने पहलगाम के दो स्थानीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है. इन पर उन आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप है, जिन्होंने इस भयानक हमले को अंजाम दिया था. 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए नरसंहार में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मार कर जान ले ली थी.



इसमें 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे. एनआईए ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहलगाम के बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया है, एनआईए ने बताया कि परवेज और बशीर वहीं घाटी में दुकान लगाते थे. हमले वाले दिन से पहले उन्होंने हिल पार्क में मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन हथियारबंद आतंकवादियों को शरण दी थी. दोनों ने आतंकवादियों को खाना, रहने के लिए जगह के साथ-साथ रसद में भी मदद की. यहीं आतंकि अगले दिन दोपहर को वहां पर मौजूद पर्यटकों की धार्मिक पहचान के आधार पर मार डाला था.

## कोटमसर गुफा 1 जुलाई से बंद

**जगदलपुर ,22 जून।** कांगेर घाटी स्थित विश्व प्रसिद्ध कुटुमसर गुफा बारिश में देरी के चलते 15 जून के बजाय 1 जुलाई से बंद होने जा रही है। ।बंद होने के बाद यह गुफा 1 नवबर को खोली जाएगी जिसके बाद इस गुफा में सैलानी प्रवेश कर सकेंगे। इसके पूर्व मानसून में होने वाले देरी के चलते इसे 15 जून के बजाय बंद करने की अवधि 30 जून तक बढ़ाई गई थी। मानसून के दौरान तीरथगढ़ जलप्रपात और अन्य पर्यटन स्थलों का सौदर्य बढ़ जाता है ऐसे में यहां पहुंचने वाले सैलानियों के लिए कांगेर घाटी प्रबंधन द्वारा सुरक्षा का पुता इंतजाम किये गये है.बस्तर के कांगेर घाटी नेशनल पार्क में स्थित इस गुफा की लंबाई 4500 फुट तथा गहराई 60 से 215 फुट तक है। बारिश के दौरान गुफा में आसपास के पहाडियों का पानी इस गुफा के रास्ते अन्दर प्रवेश करता है जिससे इसके भीतर जाना खतरनाक हो सकता है। बरसात का पानी गुफा के भीतर एक नदी के रूप में पानी बहती है। इस दौरान सैलानियों को जान का खतरा होने के आशंका के चलते प्रति वर्ष इस झरने को बंद कर दिया जाता है। इस गुफा में गहन अंधेरा और अंधी मछलियों के अलावा विशेष प्रजाति के बड़े आकार के झिंगुर भी पाए जाते हैं। कांगेर घाटी अपने आप में कई नैसर्गिक पर्यटन स्थलो को समेटे हुए हैं।



## अमित शाह का विष्णुदेव साय ने किया स्वागत

**रायपुर 22 जून.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ आगमन पर आज स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक धर्मलाल कौशिक, किरण देव, अमर अग्रवाल, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब , मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आदि उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में मातृ-शिशु चिकित्सालय की रखी आधारशिला

**रायपुर, 22 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के कुनकुरी को एक महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की। उन्होंने गिनाबहार में 8.77 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 50 बिस्तरों वाले मातृ-शिशु चिकित्सालय और 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज जशपुर जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास की एक नई कड़ी जुड़ रही है। इस चिकित्सालय के निर्माण से कुनकुरी सहित फरसाबहार, कांसाबेल और दुलदुला जैसे आसपास के क्षेत्रों की माताओं, बहनों और बच्चों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि जशपुर में 200 बिस्तरों वाले आधुनिक चिकित्सालय का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा। इस वर्ष के बजट में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, नर्सिंग कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और जेनरिक दवा दुकानों के माध्यम से आमजन को किफायती इलाज सुलभ कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना योजना एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य-सुरक्षा कवच है।मितानिन बहनों के मानदेय का भुगतान अब ऑनलाइन किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को जमीनी स्तर पर लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीद की जा रही है, और उन्हें प्रति क्विंटल 3,100 रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। तेंदूपत्ता संग्रहकों को अब 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा का भुगतान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए आवास निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की 70 लाख से अधिक माताओं और बहनों को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। साथ ही, 5.60 लाख भूमिहीन कृषि श्रमिकों को 10,000 रुपये की विशेष सहायता राशि प्रदान की गई है। पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिससे ग्रामीणों को अपने गांव में ही बैंकिंग, धन जमा-निकासी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। अगले पंचायती राज दिवस तक सभी पंचायतों में ये सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राजस्व प्रशासन में सुधार के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। अब जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पूरी होगी, और फर्जी रजिस्ट्री पर अंकुश लगेगा। विश्व योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।



## कोपेनहेगन दुनिया का सबसे रहने योग्य शहर

**नई दिल्ली,22 जून।** इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा जारी ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स के अनुसार, डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन दुनिया का सबसे रहने योग्य शहर है। इसने ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना की जगह ली है, जो पिछले तीन साल से नंबर वन पर था। कोपेनहेगन को स्थिरता, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में सबसे ऊपर रखा गया है। ये इंडेक्स स्थिरता, हेल्थकेयर, संस्कृति और पर्यावरण, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित पांच कैटेगरी में दुनिया भर के 173 शहरों का आकलन करता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुए सामूहिक योगाभ्यास



भिलाई, 22 जून । इस्पातनगरी भिलाई में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के खदानों, विद्यालयों और अस्पतालों में व्यापक भागीदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया बीएसएफ, सीआईएसएफ सहित विभिन्न सुरक्षा संगठनों के परिसर और सामाजिक संगठनों में तथा सेक्टर-10 स्थित ज्ञान दर्शन योगाश्रम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में इस्पात नगरी के नागरिकों ने भाग लिया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट खदान क्षेत्र के खोड़गांव स्वास्थ्य केंद्र में विशेष योग शिविर आयोजित किया गया। उप महाप्रबंधक अमित मिश्रा तथा खदान प्रबंधक के. के. गुप्ता ने शिविर में भाग लिया। बीएसएफ खोड़गांव इकाई के निरीक्षक शैलेश नेगी, कैम्प कमांडर अपनी टीम के साथ शिविर में सम्मिलित हुए। प्रसिद्ध योग प्रशिक्षकों प्रशांत यादव एवं परिक्षित कुमार द्वारा योग सत्र का संचालन किया गया। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 में कार्यपालक निदेशकडॉ. एम. रविंद्रनाथ की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षिकाओं श्रीमती बबीता सिंह एवं सुश्री निष्ठा द्वारा मूलभूत आसनों एवं प्राणायाम की श्रृंखला का अभ्यास कराया गया। संचालन श्रीमती लता मिश्रा एवं श्रीमती अनुजा ने आभार प्रदर्शन किया।

0 पायनियर मोन्यूमेंट, सिविक सेंटर में



समय प्रातः 8 से 9 बजे तक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम योग गुरू ममता साहू की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पहले और अब की जीवन शैली में काफी बदलाव आया है, अब लोग पहले के बजाय ज्यादा सुविधा भोगी हुए हैं, छोटी बड़ी जरूरत के सारे काम अब टेक्नोलॉजी आधारित हो गई है और यही कारण है कि अब लोग ज्यादा बीमार रहने लगे हैं और उम्र से पहले ज्यादा शारीरिक तकलीफें बढ़ी हैं । लेकिन अब लोग स्वास्थ्य के प्रति उतने ही जागरूक भी हुए हैं महिलाएं भी अब पीछे नहीं है। योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यह हमें स्वस्थ, शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाता है। नगर निगम भिलाई के भेलवा तालाब, लोकांगन, सियान सदन, श्री राम चौक खुर्सीपार, तारामंडल उद्यान, कुसुम कानन उद्यान, एनडीआरफ एवं अन्य स्थलों में भी योग कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं नागरिक गण शामिल रहे। नगर निगम भिलाई का मुख्य आयोजन पायनियर मोन्यूमेंट, सिविक सेंटर में हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति उमेश चितलांगिया, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सेक्टर 5 पार्षद सेवन कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम आयोजन में नगर निगम भिलाई के विशेष सहयोगी के रूप में मनोज ठाकरे संत नामदेव आरोग्य सेवा समिति दुर्ग छत्तीसगढ़, सेक्टर 6 महर्षि दयानंद स्कूल, एसएनजी स्कूल सेक्टर 4, सेंट जेवियर्स एवं स्कूलों का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम में नगर निगम भिलाई से अजय शुक्ला, वैभवकांत सैमुएल, शरद दुबे, दीपक देवांगन, श्वेता माहेश्वर, संजय शर्मा, सागर दुबे, योग शिक्षक, स्कूल शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे ।

0 संजीवनी केंद्र प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व में



समग्र स्वास्थ्य व संतुलित जीवन के लिए योग व प्राणायाम योग शिक्षक जसवंत सिंह यादव द्वारा संपन्न कराया गया। यहाँ प्रियदर्शिनी परिसर ईस्ट विकास समिति के अध्यक्ष जे. एन. तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होते हुए भी शहरी जीवन में आनंद और मानसिक संतुलन की कमी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। ऐसे में योग एक ऐसा साधन है, जो न केवल शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि जीवन के समस्त पहलुओं में संतुलन स्थापित करने में सहायक होता है। योगाभ्यास में मुख्य रूप से जे एन तिवारी अध्यक्ष, गणेश ताम्रकार, डॉ. मुकेश जैन, अजीत सिंह, एन के चौहान, डॉ. अनुज खरे, एच पी सिंह, आर टी चौधरी, एस के यादव एवं अनेक महिलाएं सम्मिलित हुई।

योगासन के पांचवें दिन श्री सम्मेद शिखर की वंदना के साथ पार्श्वनाथ भगवान के भक्तों ने दुर्लभमति माताजी के अमृत वचनों से त्रिवेणी जैन तीर्थ में शांति धारा किया एवं योगासन कार्यक्रम जैन मिलन जैन ट्रस्ट द्वारा मेडिकल कैंप जैन भवन में कराया। योगासन में बड़ी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं एवं युवा सदस्य ने भाग लिया। दोपहर में तत्व चर्चा के साथ पूज्य माताजी के साथ भक्तों ने गुरु वंदना आनंद यात्रा और मंगल आरती मंदिर में किया।



### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**रायपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवससभा-शिक्षा मंडल, आशीर्वाद भवन रायपुर में योगा कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राजकुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में किया गया। योग प्रशिक्षक डॉ. सुनील शुक्ला एवं श्रीमती साक्षी दुबे बाजपेयी ने उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों को योगाभ्यास कराया ।

## एक नजर

### कॉपर चोर की जानकारी देने पर मिलेगा ईनाम



**भिलाई,22 जून।** भिलाई भट्ठी थाना अंतर्गत बीएसपी प्लांट में कॉपर चोरी मामले में फरार चल रहे एक आरोपी की जानकारी देने पर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने ईनाम की घोषणा की है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि शत्रुघन धनकर 50वर्ष निवासी स्टेशन मरोदा नेवई हाल पता ग्राम.उमरपोटी थाना उतई जो थाना भट्ठी के अपराध में बीएसपी प्लांट के कॉपर तार चोरी के मामले में फरार है। दुर्ग एसएसपी ने फरार आरोपी के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति को ईनाम देने की घोषणा की है सीएसपी ने बताया कि सूचना देने वाले की जानकारी एवं मोबाइल नंबर गोपनीय रखी जाएगी।

### तलवार लहराकर डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 22 जून।** भिलाई छावनी थाना अन्तर्गत नंदिनी रोड अंग्रेजी शराब भट्ठी के सामने एक लोहे का धारदार तलवार लेकर शराब भट्ठी में काम करने वाले कर्मचारी को पैसे की मांग कर एवं आसपास के लोगों को तलवार लहराते हुए धमकाने वाले दो आरोपियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है छावनी पुलिस बताया कि टेकेश कुमार देवांगन कि छावनी थाना अन्तर्गत नंदिनी रोड अंग्रेजी शराब भट्ठी में काम करने वाले कर्मचारी को पैसे की मांग कर एवं आसपास के लोगों तलवार लेकर डरा धमका कर भयभीत करना पाया गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 119(1) 296, 351(3), 115(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया विवेचना के दौरान आरोपी अकरम खान निवासी कैम्प -2 व आरोपी बंटी खान उर्फ अजीम निवासी कैम्प - 2 को पकड़ा गया ।

### रूंगटा कॉलेज के प्रोफेसर हुए साइबर ठगी का शिकार

**भिलाई, 22 जून।** आदर्श नगर निवासी रूंगटा कॉलेज का प्रोफेसर साइबर ठगी का शिकार हो गया ऑनलाइन टिकटिंग में अच्छा कमीशन मिलने का झांसा देकर मोबाइल धारकों ने प्रोफेसर से कुल 14,71,453 रुपए निवेश कराया निवेश के बाद न तो लाभ हुआ और न ही जमा की गई रकम वापस मिली प्रार्थी की शिकायत पर पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है जानकारी के मुताबिक आदर्श नगर दुर्ग निवासी चंद्रशेखर नागेन्द्र रूंगटा कालेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है 4 दिसंबर 2023 से 9 जनवरी 2024 के मध्य ई स्काई फ्लाइट बुकिंग कंपनी के निशि वर्मा व सचिन गुप्ता ने मोबाइल पर संपर्क किया दोनों ने आनलाईन टिकिट बुकिंग में कमीशन बेस पर लाभ दिलाने का झांसा देकर चंद्रशेखर से 14,71,453 रुपए निवेश कराया। चंद्रशेखर ने अलग अलग किस्तों में राशि जमा की रुपए जमा होने के बाद न तो लाभ मिला और न ही निवेश किए हुए रुपए वापस मिले। पद्मनाभपुर पुलिस ने निशि वर्मा व सचिन गुप्ता के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ठगी के आरोपी हसन आबिदी का डीएसपी के साथ वाट्सएप चैट हुआ वायरल

**रायपुर।** एसीबी ईओडब्ल्यू का अधिकारी बताकर महिला पटवारी के पति से लाखों रुपए की ठगी करने के आरोपी हसन आबिदी का डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ वाट्सएप चैट सामने आया है, जिसमें पटवारी के पति से उगाही में दोनों में आपसी साठ-गांठ नजर आ रहा है. इस बीच हसन आबिदी की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है बताया जा रहा है कि वायरल हो रहा वाट्सएप चैट आरोपित हसन और डीएसपी रैंक के अधिकारी के बीच 15 अक्टूबर 2024 की चैट और 22 दिसंबर 2024 के बीच का है. इसमें आरोपित डीएसपी से महिला पटवारी से जुड़े केस को देखने की बात कहता है>

जिस पर डीएसपी 'ओके' का जवाब देते नजर आ रहे है। सूत्रों के अनुसार, जिस पुलिस अफसर के साथ आरोपी की चैटिंग सामने आई है, वह विभाग के एक महत्वपूर्ण विंग में पदस्थ रह चुके हैं. बताया जा रहा है कि उक्त अधिकारी की तत्कालीन शासन- प्रशासन में अच्छी पहुंच रही है.

## रिसाली में आयोजित योग-नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

**रिसाली,22 जून।** बेहतर जीवन शैली के लिए योग आवश्यक है। योग शरीर को निरोग बनाने में सहायक है। नगर निगम रिसाली द्वारा आयोजित ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग लंगर के योगाचार्य के मार्गदर्शन में लगभग 400 लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम आरंभ करने से पहले सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बाद में योग लंगर मैदान में अशोक महेश्वरी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र भगत, सीमा साहू, माया यादव, रमा साहू, ईश्वरी साहू,सरिता देवगान,शीला नारखेडे,सविता ढवस मंडल अध्यक्ष



अनुपम साहू समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। आभार प्रदर्शन चंद्रपाल हरमुख ने किया। समापन के पहले योग लंगर में नियमित अभ्यास करने वाले बच्चों ने योग नृत्य किया। लगभग 8 मिनट के नृत्य में बच्चों ने संगीत में विभिन्न आसन दिखाए। प्रस्तुति के बाद अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। योगा नृत्य आकर्षण के केंद्र में रहा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने योग नियमित करने के लिए स्थल में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई।



### नेहरू नगर में निगम ने किया पौधारोपण

**भिलाई, 22 जून।** अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को नेहरू नगर पूर्व स्थित योग उद्यान में नगर निगम भिलाई के उद्यान विभाग के द्वारा 50 पौधों का रोपण किया गया । स्थल के अनुरूप फूलदार और शोभायमान पौधे जैसे चंपा, टिकोमा, टर्मिनलिया पौधों को प्राथमिकता दी गई । जिसमें मुख्य रूप से महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, वार्ड 6 के पार्षद रवि शंकर कुर्रे, सेवानिवृत अधिकारी अशोक पहाड़िया, मूर्ति शर्मा, गोपाल खंडेलवाल, अनिल शुक्ला, निर्मल चंद्र शर्मा, भूतपूर्व एल्डरमैन राजेश मेश्राम, दीपक दहाड़, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, देवव्रत चक्रवर्ती सद्दाब अहमद, सुपरवाइजर विनोद गौतम, ललित यादव एवं गणमान्य नागरिकों के साथ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## आरक्षकों को अनुसंधान का प्रशिक्षण दिया




**भिलाई, 22 जून।** आईजी रामगोपाल गर्ग और एसएसपी विजय अग्रवाल की पहल पर वरिष्ठ आरक्षकों को अनुसंधान के सभी पहलुओं जैसे प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखन से लेकर न्यायालय में चालान पेश करने तक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को संम्मानित किया गया अनुसंधान सह-कार्यशाला का समापन समारोह पुलिस नियंत्रण कक्ष, सेक्टर-6, भिलाई नगर में हुआ पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग एवं दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित रहे। इस सह-कार्यशाला में वरिष्ठ आरक्षकों को अनुसंधान के सभी पहलुओं जैसे प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखन से लेकर न्यायालय में चालान पेश करने तक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अजीत यादव और राकेश जोशी ने प्रशिक्षुओं को साधारण चोट, गंभीर चोट, प्राणघातक चोट, सड़क दुर्घटनाएं और बीएनएस की धाराओं में कार्यवाही की बारीकियां सिखाईं आईजी रामगोपाल गर्ग ने वरिष्ठ आरक्षकों से सीखे हुए कौशल का जिम्मेदारी और उत्साह से उपयोग करने का आग्रह किया वहीं एसएसपी विजय अग्रवाल ने अगले सप्ताह प्रदर्शन मूल्यांकन की बात कही कार्यक्रम में एएसपी सुखनंदन राठौर, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हुए सम्मानित आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान आरक्षक-971 उत्तम कुमार देशमुख (थाना रानीतराई), द्वितीय स्थान आरक्षक 1677 बी. लक्ष्मण राव (चौकी अंजोरा) और तृतीय स्थान आरक्षक क्रमांक 1612 श्याम सिंह राजपूत (चौकी जेवरासिरसा) हासिल किए सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वरिष्ठ आरक्षकों को आईजी रामगोपाल गर्ग और एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुरस्कृत किया साथ ही प्रशिक्षक अजीत यादव और राकेश जोश को मोमेंटो भेंट किया।

### कलेक्टर ने कन्या कॉलेज का निरीक्षण किया

**धमतरी 22 जून ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कन्या महाविद्यालय में संचालित कोर्स, पासआउट होने के बाद विद्यार्थी की प्लेसमेंट या अन्य गतिविधियों की जानकारी भी ली। कामर्स की स्नातकोत्तर कक्षायें शुरू होने की संभावनाएं जोर पकड़ने लगी है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने महाविद्यालय की प्राचार्य को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने कहा है।

### दो अलग-अलग मामले में 70 लाख रुपए की ठगी, थाने में मामला दर्ज

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर से 70 लाख रुपए की ठगी के दो मामले सामने आए हैं. नौकरी दिलाने और शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर यह ठगी की गई है. दोनों ही मामले सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हैं. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है.

युवती समेत दो शातिर ओरपियों ने अलग-अलग लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 50 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया. आरोपियों ने लोगों को उच्च अधिकारियों से जान पहचान होने की बात कहकर झांसे में ले लिया. कुल 6 लोगों से 50 लाख रुपए लेकर दोनों आरोपी फरार हो गए हैं. सिविल लाइन थाना में ठगी करने वाली युवती सहित दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

## अस्पताल की सुरक्षा-व्यवस्था पर आपस में भिड़े विधायक

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** जिला अस्पताल की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर बात कुछ ऐसी बिगड़ी कि कर्मचारी और विधायक प्रतिनिधि आपस में भिड़ गए. देर रात जिला अस्पताल के सामने हुई घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. बताया जा रहा है कि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के जिला अस्पताल के प्रतिनिधि सीनू राव के साथ जिला अस्पताल के ही कर्मचारी यादवेंद्र कश्यप और उनके पिता ने मारपीट की. सीसीटीवी फुटेज में घटना के दौरान वहां मौजूद स्टाफ दोनों पक्षों को अलग करते हुए नजर आ रहे है।

मिली जानकारी अनुसार, विधायक प्रतिनिधि और अस्पताल के कर्मचारी के बीच अस्पताल की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर बात चल रही थी. इस दौरान कहा-सुनी देखते-देखते इतनी बढ़ गयी कि दोनों के बीच झड़प होने लगी, जो जल्द मारपीट में तब्दील हो गई.चश्मदीद बताते हैं कि अस्पताल के कर्मचारी यादवेंद्र कश्यप ने विधायक प्रतिनिधि सीनू राव को पहचाने से इंकार करते हुए इनोवा गाड़ी से उतरते हुए गर्दन पकड़ ली, और फिर गला पकड़ने तक पहुंच गई, जिसके बाद लात-घूंसे चलाने लगे. यादवेंद्र कश्यप के साथ मौजूद उनके पिता भी चप्पल उठाकर विधायक प्रतिनिधि को मारते हुए नजर आ रहे हैं।

## भिलाई-चरोदा निगम में योगाभ्यास के उपरांत किया गया पौधरोपण

भिलाई-3। नगर निगम भिलाई चरोदा द्वारा शनिवार को योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी वर्ग के महिला एवं पुरुषों ने योग के आसनों का अभ्यास किया साथ ही योग के महत्व पर योग गुरुओं द्वारा बताये गये महत्वपूर्ण बिंदुओं को आत्मसात किया। योग से निरोग के मूल मंत्र के साथ भिलाई 03 के मंगल भवन में योग प्रशिक्षुओं द्वारा शिविर में आये लोगों को अलग अलग योग आसनों के माध्यम से अभ्यास कराया। योग गुरू सुषमा बेपारी एवं कु. श्रद्धा बेपारी ने मंच से विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर शिविर में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सुबह 06 बजे से लेकर 07 बजे तक चले शिविर के



उपरांत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मंगल भवन परिसर में नये पौधों को रोपित किया गया। कार्यक्रम में निगम के नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, वरिष्ट भाजपा पार्षद फिरोज फारूकी, संजय ठाकुर, रवि नाहर, जायसवाल शामिल हुये। साथ ही भिलाई 03 के अनुविभागीय दंडाधिकारी महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार भिलाई 03 पवन सिंह राजपूत सहित निगम की ओर से सहायक अभियंता आलोक पसीने, सहाअभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उपअभिता मुकेश रात्रे, उपअभियंता मुकेश चंद्राकर उपअभियंता वैभव त्यागी, उपअभियंता केहर कुमार मरकाम, आयुक्त के स्टेनो चेतन देवांगन, सहायक लेखाधिकारी अजय वर्मा, सहायक ग्रेड 1 राजू वर्मा, सहायक ग्रेड 2 यशवंत ठाकुर, सहायक ग्रेड 3 अविनाश चंद्राकर, जनसंपर्क प्रभारी विकास त्रिपाठी, सहायक ग्रेड 3 मुकेश यादव, टाईम कीपर श्यामता साहू, समयपाल राजेश अचिया, सहायक ग्रेड 3 पुरेन्द्र वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शिवनाथ में बाढ़ से बचाव के लिए नगर सेना ने किया मॉकड्रिल

**दुर्ग, 21 जून।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए शिवनाथ नदी में आज मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। नगर सेना विभाग द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। कलेक्टर ने राज्य आपदा मोचन दल की तैयारियों की सराहना की। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान शिवनाथ नदी में ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पल्टी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ



जैकेट, लाइफ बॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया।मॉकड्रिल के दौरान राज्य आपदा मोचन बल ;एसडीआरएफ) की टीम ने नदी में डूब रहे व्यक्तियों को बचाने, तेज बहाव में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने और गांव में पानी भरने की स्थिति में राहत पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण अभियानों का अभ्यास किया। इस मौके पर आधुनिक उपकरणों जैसे मोटर बोट, स्क्यूबा डाइविंग किट, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, आस्का लाइट, पेलिकन लाइट और सर्च लाइट का उपयोग कर लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया।कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीआरएफ की तैयारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के मॉकड्रिल से आपदा के समय त्वरित और समन्वित कार्यों में मदद मिलेगी। इस अभ्यास में ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु घरेलू सामग्री जैसे टीपा, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब आदि से राफ्ट बनाना, और पानी की बोतल को एयरटाइट कर अस्थायी लाइफ जैकेट के रूप में उपयोग करना सिखाया गया। एसडीआरएफ और जिला बचाव दल के जवानों ने इन उपायों का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी व श्रीमती लता उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर श्री हितेष पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव, नगर सेना पुलिस नागेन्द्र सिंग, स्वास्थ्य विभाग अधिकारी सहित राज्य आपदा मोचन बल और नगर सेना के दल एवं ग्रामीणजन उपस्थिति थे।

## 55 लाख रुपए की ठगी



**भिलाई, 22 जून।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के प्रगति नगर रिसाली निवासी माता.पिता और बेटी को फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर करीब 55 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में नेवई पुलिस ने दो और आरोपियों को मुंबई ;महाराष्ट्रद्ध से गिरफ्तार किया है। पूर्व में चार आरोपियों को उत्तर प्रदेश से पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं आधार कार्ड को जब्त किया गया भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि नम्रता चन्द्राकर निवासी प्रगति नगर रिसाली ने थाना नेवई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 अप्रैल मोबाइल धारक ने स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताकर प्रार्थिया के पिता को वीडियो काल कर कहा कि उनके नाम के केनरा बैंक के खाते को नरेश गोयल को बेचकर 2 करोड़ रू का मनी लांड्रिंग किया गया है। उनका सहयोग करने का आरोप लगाकर सभी सदस्यों की संपत्ति की सारी जानकारी लेकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर अलग -अलग खाते व किस्तों में 29 अप्रैल से 29 मई के मध्य 54 लाख 90 हजार रुपए छलपूर्वक जमा कराया गया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना नेवई में धारा 318.4 बीएनएस 67 डी आईटीएक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान आरोपी मोबाइल धारक एवं लाभार्थी बैंक खाता धारक की तकनीकी सहायता से एवं बैक से जानकारी प्राप्त की इन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी पुलिस आरोपी लखनऊ उप का होना पाया गया इसके बाद नेवई थाने टीम लिए रवाना हुई अगले दिन 13 जून की शाम 4 बजे पहुंची। वहां की पुलिस की मदद से चारों आरोपियों दीपक गुप्ता 19 वर्ष निवासी लखनऊ उत्तरप्रदेश,राजेश विश्वकर्मा उर्फ राजू पेंटर 36 वर्ष निवासी लखनऊ,उत्तरप्रदेश,कृष्ण उर्फ कृष 19 वर्ष निवासी लखनऊ उत्तरप्रदेशद्ध व शुभम श्रीवास्तव उर्फ मोन्टी निवासी लखनऊ ,उत्तरप्रदेश, को गिरफ्तार किया गया था साइबर सेल की मदद से ऐसे पकड़ में आए आरोपी प्रकरण के अन्य आरोपियों के फ्राड किये रकम के संबंध में पुन जानकारी साइबर सेल एवं बैंक से प्राप्त करने पर संदेहियों के संबंध में तकनीकी जानकारी मिली ।

## ओला इलेक्ट्रिक ने कोरबा में रोडस्टर एक्स की डिलीवरी शुरू की

**कोरबा, 22 जून।** भारत की सबसे बड़ी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने आज कोरबा में अपनी रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलों की डिलीवरी शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने अपने राइड द फ्यूचर अभियान के तहत पहले 5,000 ग्राहकों के लिए 10,000 मूल्य के ऑफर की भी घोषणा की। इन्हें एक्सटेंडेड वारंटी, मूवओएस और आवश्यक देखभाल फ्री में मिलेगी।

रोडस्टर एक्स सीरीज में मिड-ड्राइव मोटर है जो परफॉर्मेंस और सेफ्टी को बढ़ाती है। रोडस्टर सीरीज के पावरट्रेन में चेन ड्राइव और एक इंटीग्रेटेड स्ट्रष्ट भी है। ये टॉर्क को आराम से ट्रांसफर करता है। इससे बेहतर एक्सीलरेशन यानी, त्वरण और रेंज मिलती है। रोडस्टर एक्स सीरीज की मोटरसाइकिलों में फ्लैट केबल भी हैं। ये इंडस्ट्री फर्स्ट इनोवेशन है यानी इसका इस्तेमाल बाइक इंडस्ट्री में पहली बार किया गया है। ये केबल्स बाइक को हल्का बनाते हैं, जगह बचाते हैं, और थर्मल परफॉरमेंस को बढ़ाते हैं। यानी गर्मी को बेहतर तरीके से हैंडल करते हैं। इससे बाइक ज्यादा टिकाऊ और भरोसेमंद बनती है।ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और एमडी भाविश अग्रवाल ने कहा, स्कूटर तो बस शुरुआत थी। रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलिंग सेगमेंट में हमारी एंट्री को चिह्नित करने वाली एक साहसिक छलांग है।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**पेंड्रा,22 जून।** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा के कोटमी चौकी क्षेत्र के पैराडाइज होटल में पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के भंडारण का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत के निर्देश पर साइबर सेल और कोटमी चौकी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। होटल और निर्माणाधीन बाड़े में छापेमारी के दौरान होटल संचालक राजेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया।आरोपी अकोला चौकी कोटमी का रहने वाला है। उसकी महिंद्रा टीयूवी से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से कुल 52 लीटर शराब और वाहन समेत 3 लाख 96 हजार 200 रुपये की संपत्ति जब्त की गई। आरोपी पर मध्यप्रदेश में अवैध शराब परिवहन और होटल से बिक्री का आरोप है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस ऑपरेशन में साइबर सेल प्रभारी सुरेश ध्रुव और कोटमी चौकी प्रभारी अजय वारे के नेतृत्व में पुलिस टीम शामिल थीं।

## एक नजर

### राज्यपाल डेका से मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर, 22 जून।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन मे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने सौजन्य भेंट की।

### ग्राम कबीर मठ नदिया में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने किया योग व्यायाम



**डोंगरगांव, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़)।** ग्राम कबीर मठ नादिया में आश्रम समिति और शासकीय विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण एवं आश्रम के सभा कक्ष में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक गण विद्यालय प्रांगण पर योग व्यायाम का प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास किये तत्पश्चात आश्रम प्रांगण पर संतो के साथ प्राणायाम व ध्यान किया गया। योग-व्यायाम, शिक्षक चुम्मन साहू के द्वारा कराया गया तथा प्राणायाम संत गिरवर साहेब के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर गिरवर साहेब ने कहा कि हमारी शरीर की प्रकृति, आयुर्वेद के अनुसार तीन प्रकार की होती है कफ़ पित्त और वात। अतः इन तीनों को ही संतुलन में रखने के लिए योगाभ्यास व प्राणायाम बहुत ही लाभदायक होता है। प्राणायाम व ध्यान से तन और मन दोनों ही प्रकार के समस्याओं से मुक्ति मिलती है। अतः समस्त व्यक्ति को योग-प्राणायाम व ध्यान करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक कोसरिया और शिक्षिका सुश्री किरण बघेल तथा ग्राम पंचायत नादिया के सरपंच वंदिता ठाकुर ने विशेष भागीदारी प्रदान किया।

### खाना बनाने के विवाद में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**पेंड्रा, 22 जून।** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पति और पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद गुस्साए पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। इस वारदात में पत्नी की मौके पर मौत हो गई। पति और पत्नी के बीच जब विवाद हो रहा था तब उनका बेटा बीच-बचाव करने पहुंचा था, लेकिन गुस्साए पति ने अपने बेटे पर भी हमला कर दिया। इसके बाद बेटा अपनी जान बचाकर घर से भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस की टीम ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### परशुराम जन्मदिन की घोषणा करने ब्राह्मण सभा ने शंकराचार्यों को लिखा पत्र



**रायपुर, 22 जून।** ब्राह्मण कुलगौरव चिरंजीवी भगवान परशुराम के जन्म दिन के निर्धारण हेतु देश के चारों शंकराचार्य धर्मगुरुओं को पत्र लिख दिन तय कर घोषणा करने सरयूपारीण ब्राह्मण सभा रायपुर छत्तीसगढ़ ने आग्रह किया हे। अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने बताया कि भगवान परशुराम ब्राह्मण कुलवंश के गौरव है,कलयुग में 8चिरंजीवी में 6वें क्रम में वे आते हैं। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज इनके सप्ताह के दिन,में (जन्मदिन)सभी प्रमुख चौक चौराहों पर परशुराम का चित्र रख पूजा पाठ कर प्रसाद वितरण कर उनके आशीर्वाद प्राप्त करने की योजना बनाई है। डॉ सुरेश शुक्ला ने बताया कि परशुराम का जन्म बैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को वर्ष में एक बार मनाया जाता हे।लेकिन सप्ताह के सात दिनों में किस दिन जन्म हुआ इसकी स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है।

# मुख्यमंत्री साय ने कुनकुरी में 250 सीटर नालंदा परिसर का किया भूमिपूजन

■ लाइब्रेरी में होगी इंडोर और आउटडोर अध्ययन की व्यवस्था

**रायपुर, 22 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले में कुनकुरी के सलियाटोली ग्राम में 4.37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 250 सीटर नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी जिला मुख्यालयों में नालंदा परिसरों की स्थापना की जा रही है। जशपुर जिले में दो स्थानों पर नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। नालंदा परिसर अत्याधुनिक पुस्तकालय, शिक्षण संसाधनों और तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित होगा। विद्यार्थियों की निर्बाध पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए यह परिसर 24 घंटे खुला रहेगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शासन द्वारा नागरिक सुविधाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस के माध्यम से सभी विभागों की सेवाएँ ऑनलाइन की जा रही हैं। राजस्व क्षेत्र में 10 नवीन क्रांतिकारी पहल लागू की गई है, जिससे रजिस्ट्री और नामांतरण जैसी प्रक्रियाएँ अब आमजन के लिए सरल और सुलभ हो गई हैं।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए पीएससी जैसी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफसीबीआई जाँच कराई जा रही है। साथ ही, जशपुर जिले में मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, उद्यानिकी, नर्सिंग, नेचुरोपैथी और फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

नालंदा परिसर में महानगरों की तर्ज पर सप्ताह के सातों दिन, चौबीसों घंटे अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें इंडोर और आउटडोर स्टडी ज़ोन के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण से जुड़ने के लिए ऑक्सी रीडिंग ज़ोन की व्यवस्था होगी।यह परिसर स्वायत्त मॉडल पर आधारित होगा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। ईको-फ्रेंडली डिज़ाइन के इस परिसर में विद्युत खपत न्यूनतम होगी और 50 से अधिक देशी पौधों की प्रजातियाँ रोपी जाएँगी। युवाओं के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए परिसर में यूथ टावर, स्पोर्ट्स कोर्ट, कैफेटेरिया, एटीएम और हेल्थ ज़ोन जैसी सुविधाएँ भी विकसित की जाएँगी। संचालन के लिए स्ववित्तपोषित मॉडल को अपनाया जाएगा। लाइब्रेरी में 50,000 से अधिक पुस्तकें, डिजिटल लाइब्रेरी, वाई-फाई ज़ोन और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। साथ ही, आरएफआईडी आधारित प्रवेश प्रणाली, बायोमेट्रिक आईडी, पुस्तकों की ट्रैकिंग के लिए आरएफआईडी और सॉफ्टवेयर आधारित पुस्तक प्रबंधन प्रणाली की व्यवस्था होगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कुनकुरी जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला साय, उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, भरत सिंह, कृष्ण कुमार राय, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### कृषि विभाग की टीम ने किया आधा दर्जन खाद और दवाई दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण

# किसानों को एक्सपायरी डेट की दवा बेचने की थी तैयारी, दुकान मालिक को नोटिस

**बिलासपुर, 22 जून।** कृषि विभाग की टीम ने आधा दर्जन खाद और कृषि दवाई दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। लापरवाही और गड़बड़ी के आरोप में 5 दुकान मालिकों को शो काज नोटिस जारी किया गया है। एक सप्ताह में उनसे जवाब तलब किया गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की चेतावनी जारी की गई है।

उप संचालक कृषि ने किसान हित को ध्यान रखते हुए निरीक्षण टीम को एक्शन मोड में ला दिया है। प्रतिदिन आकस्मिक रूप से दुकानों में दबिश देकर जांच रिपोर्ट उन्हें सौंपेंगे।

गौरतलब है कि कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक विक्रय एवं कालाबाजारी, जमाखोरी रोकने तथा गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके, के उद्देश्य से तथा विक्रय लाईसेंस के शर्तों के अनुरूप रिकार्ड संधारण व [illegible] मशीन से उर्वरक विक्रय सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में 20 जून को कलेक्टर बिलासपुर के निर्देश पर जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड तखतपुर अन्तर्गत मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र सकरी, मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र एवं खाद भंडार काठाकोनी, मेसर्स देव बोरवेल्स जोरापारा, मेसर्स ओम साई ट्रेडर्स जरौधा तथा मेसर्स किसान सेवा



केन्द्र तखतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।

#### गड़बड़ी ही गड़बड़ी

मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र सकरी में स्टॉक पंजी, मूल्य सूची एवं अनुज्ञप्ति प्रदर्शित नहीं किये जाने तथा एक्सपायरी डेट की कीटनाशक औषधि पाये जाने के कारण विक्रय प्रतिबंध करते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र एवं खाद भंडार काठाकोनी, मूल्य ,टॉक सूची प्रदर्शित नहीं एवं निर्धारित प्रारूप में स्कंध एवं बिल बुक नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। मेसर्स देव बोरवेल्स जोरापारा को अनुज्ञप्ति में फर्म ओ समावेश हेतु कड़ी चेतावनी दिया गया। मेसर्स ओम सांई ट्रेडर्स जरौधा में अनुज्ञप्ति नवीनीकरण करवाने तथा बिल बुक एवं स्कंध पंजी में निरीक्षक से सत्यापित करवाने हेतु चेतवानी देते हुये नोटिस जॉरी कर जवाब मांगा गया। मेसर्स किसान सेवा केन्द्र तखतपुर में डिस्पले बोर्ड में उर्वरको की मात्रा अंकित नहीं थी। निर्धारित प्रारूप में स्कंध पंजी का संधारण नहीं आईएफएमएस. पोर्टल एवं गोदाम में रखे उर्वरकों का मिलान नहीं होने, उर्वरक प्रतिवेदन नहीं भेजने, अवसान हुए कीटनाशक औषधि पाये जाने के कारण विक्रय पर प्रतिबंध करते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उक्त कृषि केन्द्रो को स्पष्टीकरण तामिल हेतु सात दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन और जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया ।समय सीमा एवं संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जावेगी।

जिला स्तरीय निरीक्षण दल में अनिल कुमार शुक्ला सहायक संचालक कृषि, उमेश कश्यप ग्रा.कृ.वि.अ, विजय धीरज ग्रा.कृ.वि.अ.,खेमराज शर्मा ग्रा.कृ.वि.अ. कार्यालयीन एवं विकासखण्ड तखतपुर के अध्यक्ष ए. के. सतपाल व.कृ.वि.अ., आर.एल.पैकरा कृ. चि.अ./उर्वरक निरीक्षक एवं नरेश बघेल ग्रा.कृ.वि.अ. उपस्थित थे।

#### डीएपी की शार्टेज

पी.डी. हथेश्वर उप संचालक कृषि, ने कृषकों से अपील करते हुए है कि इस वर्ष डी.ए.प्री. की कम आपूर्ति के दृष्टिगत किसान भाई विकल्प के रूप में यूरिया, एस.एस.पी.. पोटाश एवं एन. पी.के. का उपयोग करें।

### छुरिया जनपद के सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**छुरिया, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरिया जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद अध्यक्ष सहित पूरे स्टाफव प्रतिनिधियों के उपस्थिति में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाचार्य एस एल सेन के द्वारा विभिन्न प्रकार का योग एक घंटा तक करवाया गया जिसमें अनुलोम विलोम ,कपालभाति , मरकट आसान ,वज्रासन ,शीतली ,पवन मुक्त आसन एवं पूरे शरीर का व्यायाम करवाया गया। सभी लोगों ने योग कर प्रसन्नता महसूस किया और अपने-अपने घरों में प्रति दिन योग करने का संकल्प लिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने योगाचार्य एस एल सेन का साल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली।भारत के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अंदर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया। 21 जून को ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का मुख्य कारण यह भी है कि 21जून सबसे बड़ा दिन होता है इसके बाद धीरे-धीरे दिन छोटा होते जाएगा। रविंद्र वैष्णव जिला महामंत्री ने कहा कि योग को हर रोज करना चाहिए। सिर्फ 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ही नहीं करना है आगे भी इसे जारी रखना है तभी हमारा शरीर स्वस्थ और मन चंगा रहेगा। यह दिन हमें योग करने के लिए प्रेरणा देता है जैसे कि हम लोग सब अपने-अपने जन्मदिन मनाते हैं वैसे ही यह 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में हमें योग करने के लिए स्मरण करती है।

### चार गांवों के पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 22 जून।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव अपने जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम - भोलापुर,थैली टोला,चिरचारीकला व भंडारपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुई। जहां चार ग्रामो को मिलाकर 100 से अधिक वृक्षों का अलग अलग जगह वृक्षारोपण की गया।इस अवसर पर गांव के संरपच जनप्रतिनिधिगण व भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि एक पेड़ मां के हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग चाहे बच्चे हो चाहे बड़े सभी एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्ष लगाने का काम कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जैसे एक मां अपने बच्चों को संस्कार खिखाती है। अच्छा शिक्षा अध्ययन कराती है। उसका पालन पोषण कर उसे बड़ा करती है। ठीक उसी



हम सभी वृक्षारोपण कर वृक्ष लगा रहे हैं।हम सभी को उसकी सुरक्षा व देखभाल करना है।ताकि जब वृक्ष बड़ा होगा तो उससे हमें भी फल फूल व शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होगा। वैष्णव ने सभी से आवाहन किया है कि अधिक से अधिक वृक्षों का वृक्षारोपण कार्य करे व अपने आस पास व समाज के साभी लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करें। साथ ही इस अवसर पर कुमार साय साहु, नकुल नेताम,शिशुपाल साहु, सोहन साहु सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल हर्निया का पेटेप प्रक्रिया से सर्जरी

**इंदौर, 22 जून।** मध्य प्रदेश और आस-पड़ोस के इलाकों के मरीज़ों को सुरक्षित और उन्नत सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने PETEP (प्रीपेरिटोनियल एक्सटेंडेड टोटली एक्स्ट्रापेरिटोनियल) हर्निया सर्जरी करना शुरू कर दिया है।

यह मध्य प्रदेश का पहला अस्पताल है, जहां नाभि (अम्बिलिकल) और उदर (वेंट्रल) हर्निया के इलाज के लिए एक अत्यधिक उन्नत, न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया उपलब्ध है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर के कंसल्टेंट जीआई, लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी, डॉ. प्रतीक पोरवाल ने एक विशेष तकनीक का उपयोग करके इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया।

प्रमुख मांसपेशियों को काटने के बजाय नाभि और पेट की दीवार का पूरा रिकंस्ट्रक्शन इसमें किया जाता है, जिसकी वजह से मरीज़ों को दर्द बहुत कम होता है, वे तेज़ी से ठीक होते हैं, और पेट की दीवार और नाभि के पूरे रिकंस्ट्रक्शन के साथ पेट पर कोई निशान भी नहीं दिखाई देता है। डॉ. प्रतीक पोरवाल ने कहा, ÷यह नई तकनीक हर्निया के इलाज में एक बड़ी क्रांति है। पारंपरिक हर्निया सर्जरी में अक्सर बहुत ज़्यादा दर्द और दिखाई देने वाले निशान होते हैं। [illegible] के साथ, हम अब हर्निया को अत्यधिक सटीकता के साथ ठीक कर सकते हैं, जाली को फिक्स करने के लिए टैक/पिन का उपयोग न करते हुए, अधिक सुचारू, दर्द रहित और किसी भी निशान के बिना रिकवरी सुनिश्चित करते हैं।

मरीज़ों को कम से कम असुविधा के साथ उनकी सामान्य ज़िंदगी में लौटने में सक्षम बनाना और सर्जरी की कोई स्पष्ट याद नहीं आए यह सुनिश्चित करना हमारा उद्देश्य है। हाल ही में देवास के एक मरीज का इसी पद्धति से सफल इलाज किया गया।

## समाचार संक्षेप

### कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रायपुर, 22 जून।** आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल, आशीर्वाद भवन रायपुर में योगा कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राजकुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में किया गया। योग प्रशिक्षक डॉ. सुनील शुक्ला एवं साक्षी दुबे बाजपेयी ने उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों को योगा अभ्यास कराया एवं आभार प्रदर्शन संजय अवस्थी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजकुमार दीक्षित, उपाध्यक्ष नीता अवस्थी, सहसचिव अनुराग पाण्डेय, गिरजा शंकर दीक्षित, अशोक दीक्षित, विकास तिवारी, चंद्रिका शंकर बाजपेई, आभा बाजपेई, निशा पाण्डेय, उषा अग्निहोत्री, निशा बाजपेई, दुर्गेश अग्निहोत्री, राज कुमार शुक्ला, डॉ. विनोद तिवारी, विजय शुक्ला, एड. अमित बाजपेई, आशीष बाजपेई, रविन्द्र मिश्रा, निशा अवस्थी, विभा बाजपेई, अजय कुमार बाजपेई, लखन लाल बाजपेई, अभिषेक मिश्रा, इन्द्र कुमार तिवारी, संगम तिवारी, प्रभात पाण्डेय, श्याम बाजपेई, संजय अवस्थी गीता नगर सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

### जीएसआई के अधिकारी कर्मचारियों ने किया योगासन



**रायपुर, 22 जून।** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), राज्य इकाईः छत्तीसगढ़ ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्साह और जीवंतता के साथ मनाया। इस वर्ष की थीम थी एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। दिन की शुरुआत अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार जनो द्वारा योग संगम में भाग लेकर हुई, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक राष्ट्रव्यापी पहल थी। प्रधानमंत्री ने योग को वैश्विक शांति और संतुलन का माध्यम बताया। अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवारों द्वारा प्रस्तुत एक ऊर्जा से परिपूर्ण योग प्रदर्शन के बाद, योग प्रशिक्षिका, सुश्री संजु चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में खुले वातावरण में हरियाली के बीच योग सत्र आयोजित किया गया। इसमें योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया।

रायपुर की प्रातः बेला, मानसून के धीरसमीर और प्रभात के सौम्य आभा के बीच आयोजित इस सत्र की शुरुआत वार्म-अप एक्सरसाइज से हुई, जो धीरे-धीरे प्रारंभिक से मध्यम स्तर के योग आसनों में परिवर्तित हुई। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्राणायाम तकनीकों का अभ्यास किया, जिसके बाद दस मिनट का ध्यान और शांति मंत्र का जाप किया गया – जो वैश्विक शांति और सद्भावना के लिए एक सशक्त प्रार्थना है।

### केशकाल घाटी में हिरणों के झुंड नजर आने पर वन विभाग ने खुशी जताई



**केशकाल, 22 जून।** जैव विविधताओं एवं वन्यजीव सम्पदाओं से भरपूर बस्तर का प्रवेश द्वार कहलाने वाले केशकाल वन परिक्षेत्र अंतर्गत घाटी के नीचे शनिवार शाम लगभग 5 बजे एक दर्जन से भी अधिक हिरण देखने को मिला। शाम को केशकाल के युवा घाट नीचे घूमने गए हुए थे वापसी के दौरान बंदरो का वीडियो बना रहे थे अभी गेट के अंदर में एक दर्जन से अधिक हिरण देख रुक गए, लेकिन जैसे ही रुकने का भनक हिरणों को लगा तो तत्काल जंगल की ओर भाग गए, लेकिन इस बीच वे लोग अपने कैमरे में वीडियो बना लिए थे। समय-समय पर अक्सर उस क्षेत्र में हिरणों का हलचल देखा जाता है जैसे ही वन विभाग के अधिकारियों की हिरणों के बारे में जानकारी मिल तो काफी उत्साहित हुए।

केशकाल वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम ने कहा कि, मीडिया के साथियों से यह जानकारी मिली कि, घाटी के नीचे बड़ी संख्या में हिरण विचरण करते नजर आए हैं। केशकाल वनमण्डल अंतर्गत लगातार दुर्लभ वन्यजीवों का नजर आना काफी खुशी की बात है तथा यह एक आदर्श वन की निशानी भी है। इससे यह साबित होता है कि यह क्षेत्र वन्य सम्पदाओं, वन्यजीवों, एवं वनस्पतियों से भरपूर है साथ ही वन्यजीवों के लिए उत्तम आवास है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, वर्तमान में हमें अधिक से अधिक लोगों को वनों का संरक्षण के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि वन्यजीवों का संरक्षण व संवर्धन किया जा सके। इस लिए मैंने तत्काल ही अपने वनकर्मियों को हिरणों का सरंक्षण करने का भी निर्देश दे दी है।

### मामला खसरा नं-407 का, काम बंद करने के निर्देश के बाद भी चालू

# शासकीय भूमि पर बने कुएं को पाट कर निर्माण कार्य करने वाले के हौसले बुलंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 22 जून।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 के राजकुमार बर्वे पिता विश्वनाथ बर्वे व अन्य तीन के द्वारा शासकीय भूमि पर बने हुए कुएं को मलमा डालकर पाटने व उस पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने को लेकर जसीम कुरैशी, शेख हनीफ और वार्ड क्रमांक 3 के नगर वासियों के द्वारा तहसीलदार को लिखित शिकायत कर तत्काल रोक लगाने की मांग किया गया था लेकिन खसरा नंबर 407 पर काम बंद करनें के निर्देश के बाद भी निरंतर कार्य जारी है क्या राजस्व? विभाग के अधिकारियों का या किसी ओहदेदार व्यक्ति के आश्वासन के चलते शासकीय भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद हो गया हैं ? क्या शासकीय कर्मचारी द्वारा दिया गया निर्देश सिर्फ दिखावा हैं क्या मौन स्वीकृति दी गई है? शासकीय कुआं को पाटा गया है उसके बाद भी राजस्व विभाग द्वारा सिर्फ खानापूर्ति कार्यवाही किया गया।आखिर क्या बात है पटवारी तहसीलदार को प्रतिवेदन पेश क्यों नहीं कर रहा है ? सिर्फआज कल कर कब्जा धारी को वाक् ओवर दे रहा है।



विदित हो कि अतिक्रमणकारी के द्वारा अपने निवास के समीप सार्वजनिक? प्राचीन कुएं को मलमा डालकर पाटा गया है जबकि कुए का पानी प्राचीन काल से नगरवासी उपयोग करते आ रहे हैं ।प्राइवेट सुखाचार से वंचित करने का काम किया जा रहा है ।कुएं में मालमा डालकर पानी खराब और दूषित कर रहे हैं ।कुआं खसरा नंबर 407 शासकीय भूमि पर स्थित है। अपने मकान को तोड़कर उसका मलमा कुएं में डालकर कब्जा कर कार्य कर रहा है। कुएं के पानी को जिसका लोग पानी अपने लिए उपयोग करते हैं उसे अतिक्रमणकारी के द्वारा प्राइवेट सुखाचार से वंचित कर पानी के उपयोग को बंद करने का कार्य किया गया है जिसके चलते वार्ड वासियों ने तहसीलदार को लिखित शिकायत किया था ।इसके बाद भी काम चालू है यही सबसे बड़ी विडंबना है सरकारी आदेशों का अवहेलना कहें या फिर कहें मिली भगत , मिलीभगत बोलने से कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा क्योंकि यहां पर अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ होता है लोगों को किसी का कोई सरोकार नहीं है सिर्फपैसा के बल पर अच्छे-अच्छे को बिकते देखा गया है शायद इसी प्रकार का कोई खेल हुआ होगा? जिसके कारण आज भी काम चालू है। विष्णु के सुशासन में सुशासन कम और कुशासन ज्यादा हो रहा है।

# मानसून में एक्टर्स कैसे रख रहे हैं अपनी इम्युनिटी का खास ख्याल?



मानसून जहां गर्मी से राहत देता है, वहीं साथ लाता है तापमान में उतार-चढ़ाव, दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की समस्या और कमजोर इम्युनिटी की चुनौती। खासकर टीवी एक्टर्स के लिए, जो व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से जूझते रहते हैं, इस मौसम में फिट और इंफेक्शन-फ्री रहना बेहद ज़रूरी हो जाता है। यही वजह है कि वे खानपान की आदतों को लेकर बेहद सजग रहते हैं और घर का बना गरम खाना, हर्बल काढ़े और पोषक तत्वों से भरपूर चीज़ों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। एण्डटीवी के कलाकारों सपना सिकरवार (‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की बिमलेश) और आसिफ शेख (‘भाबीजी घर पर हैं‘ के विभूति मिश्रा) ने बताया कि इस बारिश के मौसम में अपनी इम्युनिटी को मज़बूत बनाए रखने के लिये वो क्या कर रहे हैं।



सपना सिकरवार, ऊर्फ ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की बिमलेश कहती हैं, ‘‘मानसून में मैं अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए घरेलू नुस्खों पर भरोसा करती हूं। मैं ऑयली और मिर्च-मसाले वाला तीखा खाना खाने से बचती हूं क्योंकि इस मौसम में यह ठीक से पचता नहीं है। इसकी जगह मैं गर्म सूप, स्टीम्ड सब्ज़ियां और हर्बल चाय पीती हूं। मेरी सुबह की शुरुआत तुलसी और अदरक वाले गरम पानी से होती है-यह पाचन में मदद करता है और दिनभर ऊर्जा बनाए रखता है। इसके अलावा, पपीता और अनार जैसे फल मैं ज़रूर खाती हूं, जो स्किन और इम्युनिटी दोनों के लिए फायदेमंद हैं। ये छोटे-छोटे बदलाव इस मौसम में बहुत असर दिखाते हैं।‘‘

आसिफ शेख, ऊर्फ ‘भाबीजी घर पर हैं‘ के विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ‘‘मानसून बहुत खूबसूरत होता है, लेकिन साथ ही इसमें इंफेक्शन का रिस्क भी ज्यादा होता है। इसलिए मैं अपनी इम्युनिटी बढ़ाने वाले फूड से कभी समझौता नहीं करता। मैं हल्का और गरम खाना खाता हूं-जैसे मूंग दाल, चावल और हल्की भुनी सब्ज़ियां। मेरी इम्युनिटी का सीक्रेट है शाम को एक कप हर्बल टी, जो न सिर्फ सुकून देती है, बल्कि असरदार भी होती है। इस मौसम में मैं स्ट्रीट फूड से पूरी तरह दूर रहता हूं और पर्याप्त गरम पानी पीता हूं ताकि हाइड्रेशन बना रहे। साफ और पोषण से भरपूर खाना खाने से न केवल मेरी शारीरिक फिटनेस बनी रहती है, बल्कि मैं मेंटली भी एक्टिव रहता हूं। मेरे लिए मानसून को एंजॉय करने का सबसे अच्छा तरीका है-साधारण लेकिन लगातार अच्छी डाइट, क्योंकि मैं मानता हूं कि सेहत की शुरुआत किचन से ही होती है।‘‘

## 'आमी डाकिनी' में अपने किरदार के लिए राची शर्मा ने ली 'स्त्री' की श्रद्धा कपूर से प्रेरणा

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का बहुप्रतीक्षित शो ‘आमी डाकिनी’ अपने रोमांचक और रहस्यपूर्ण कथानक से दर्शकों को बांधे रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो, चैनल की प्रतिष्ठित हॉरर सीरीज़ ‘आहट’ के बाद फिर से डरावनी कहानी कहने की शैली में वापसी कर रहा है। इस शो में हितेश भारद्वाज आयान के रूप में, शीन दास डाकिनी के रूप में और राची शर्मा मीरा की भूमिका में नजर आएंगे। मीरा जैसे जटिल किरदार में उतरने के अनुभव को साझा करते हुए राची शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस भूमिका के लिए 'स्त्री' में श्रद्धा कपूर के अभिनय से प्रेरणा ली। वे कहती हैं, “जब मैंने 'स्त्री' में श्रद्धा को देखा, तो मैं निश्चित रूप से मंत्रमुग्ध हो गई थी—उनके किरदार में एक रहस्य था, जो शांत लेकिन गहराई से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ महसूस हुआ। वह परफॉर्मेंस मेरे जहन में बनी रही। लेकिन जब बात मीरा की आई, तो मैंने उस भावना से जुड़ाव महसूस किया, फिर भी मुझे समझ आया कि मीरा का भावनात्मक संसार अलग है। श्रद्धा की अभिव्यक्तियाँ, उनकी खामोशियां, उनका रिदम—वो प्रेरणादायक थे, लेकिन मीरा को एक अलग तरह की तीव्रता की ज़रूरत थी। मैंने उनके संयम और शांति से जरूर सीखा, लेकिन मीरा के किरदार को निभाने के लिए मुझे और अधिक साहसी, कच्चा और दर्द व शक्ति से जुड़ा दृष्टिकोण अपनाना पड़ा। तो हां, मैंने उन्हें एक शुरुआती संदर्भ के रूप में लिया, लेकिन उसके बाद मुझे मीरा की अपनी अनोखी भावनात्मक लय खोजनी पड़ी।”




निक्की तंबोली ने एक बार फिर अपने स्टनिंग और ग्लैमरस अंदाज़ से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. इस बार एक्ट्रेस ने येलो कलर की डीप नेक साड़ी पहनकर देसी स्टाइल में फोटोज़ शेयर की हैं, जो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. खुले बाल, ब्रालेस ब्लाउज और मस्तीभरे पोज़ के साथ निक्की का यह हॉट अंदाज़ फैन्स को खूब पसंद आ रहा है. निक्की ने इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा – मैं इस मौसम में थोड़ा फिल्मी हो रहा हूँ ज् कृपया न्याय न करें . इसके साथ उन्होंने बीइंगफिल्मी और आत्मप्रेम जैसे हैशटैग्स का इस्तेमाल किया जो उनके इस लुक की थीम को बखूबी दर्शाता है. इन तस्वीरों में निक्की पूलसाइड के पास येलो ट्रांसपेरेंट साड़ी में कातिल अदाएं बिखेरती नजर आ रही हैं. उनकी पोजिंग और कैमरा कॉन्फिडेंस एक बार फिर साबित करता है कि वह सोशल मीडिया की असली सेंसेशन हैं. इस पोस्ट को अब तक 2.6 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे.

निक्की का ये देसी लुक साबित करता है कि वह वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ-साथ ट्रेडिशनल में भी उतनी ही ग्रेसफुल लगती हैं. उनका यह साड़ी लुक न सिर्फ स्टाइलिश है बल्कि मानसून वेदर के लिए एक परफेक्ट फैशन इंस्पिरेशन भी बन गया है. निक्की को हाल ही में कुछ म्यूजिक वीडियोज और इवेंट्स में देखा गया है, और उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती जा रही है. ऐसे में उनके हर नए पोस्ट को लेकर फैंस की दीवानगी और उत्सुकता साफ नजर आती है.



## नुसरत भरूचा ने दूसरी लड़की से खुलवाए अपने जूते, भड़के लोग

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंटरनेशनल योगा डे पर नुसरत योगा करने पहुंची थीं। योगा मैट पर जाने से पहले नुसरत अपने जूते निकालती हैं। एक जूता तो नुसरत खुद निकालती हैं। वहीं, दूसरा जूता निकालने के लिए नुसरत एक लड़की को बुलाती हैं। इसी वीडियो को लेकर नुसरत सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं।

नुसरत का ये वीडियो TCX.official पेज ने शेयर किया है। इसमें एक जूते को नुसरत दूसरे पैर की मदद से खुद निकाल लेती हैं। वहीं, दूसरा जूता उतारने के लिए नुसरत एक लड़की को बुलाती हैं। वो लड़की आकर नुसरत के जूते को उतारने में मदद करती है। सोशल मीडिया यूजर्स नुसरत की इस हरकत पर नाराज हो रहे हैं।

वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा- सीरियलसी, ये योगा करने आई है औरल झुककर खुद अपने जूते भी नहीं उतारे जा रहे हैं। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा- वाह, खुद से जूता भी नहीं खोल पा रही है ये। एक तीसरे यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा- पैसा और फेम मैडम के सिर चढ़ गया है, योगा करना है और जूते के फीते खोलने के लिए लोग चाहिए। एक ने लिखा- आप योगा कर लेंगी? जूते तो खुद से उतारे नहीं जा रहे हैं। बता दें, कल नुसरत का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें नुसरत योगा करके निकल रही थीं। उसी वक्त फैंस की भीड़ सेल्फी के लिए एक्ट्रेस को घेर लेती है। एक्ट्रेस वीडियो में पूछती हैं कि मेरे लोग कहां हैं।

## जब Salman Khan के फ्लैट तक पहुंच गई थी महिला फैन



सलमान खान द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने इस घटना के बारे में बात की। होस्ट कपिल शर्मा ने सलमान से उनके घर पर सूटकेस लेकर आने वाले प्रशंसकों के बारे में पूछा। इसपर सलमान ने कहा, 'हां, हाल ही में ऐसा कुछ हुआ था। बाहर सुरक्षा गार्ड थे। एक महिला ने उनसे कहा कि वह चौथी मंजिल पर जाना चाहती है और वह अंदर चली गई। उसने दरवाजे की घंटी बजाई, और हमारे नौकर ने दरवाजा खोला।'

हाल ही में एक महिला ने अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी, अब भाईजान ने इस घटना के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि महिला किसी तरह उनके फ्लैट तक पहुंच गई थी। आपको बता दें, यह घटना मई की शुरुआत में हुई थी। सलमान खान द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने इस घटना के बारे में बात की। होस्ट कपिल शर्मा ने सलमान से उनके घर पर सूटकेस लेकर आने वाले प्रशंसकों के बारे में पूछा। इसपर सलमान ने कहा, 'हां, हाल ही में ऐसा कुछ हुआ था। बाहर सुरक्षा गार्ड थे। एक महिला ने उनसे कहा कि वह चौथी मंजिल पर जाना चाहती है और वह अंदर चली गई। उसने दरवाजे की घंटी बजाई, और हमारे नौकर ने दरवाजा खोला।' सलमान ने आगे कहा, 'नौकर हैरान रह गया क्योंकि महिला ने कहा, 'मुझे सलमान ने बुलाया है।' उनको लगा देख कि सलमान ने तो बुलाया नहीं होगा।' खार की रहने वाली 36 वर्षीय महिला ने दावा किया कि उसे अभिनेता ने आमंत्रित किया था। एक अधिकारी ने बताया, 'वह अभिनेता के फ्लैट तक पहुंचने में कामयाब रही और यहां तक कि उसने उसका दरवाजा भी खटखटाया। जब खान के कर्मचारियों ने जांच की, तो उन्हें पता चला कि उसे किसी ने आमंत्रित नहीं किया था। फिर उन्होंने उसे पुलिस को सौंप दिया।'

## फिल्म "संगी रे लहुट के आजा" महिलाओं की पहली पसंद...

रायपुर। संगीतकार से निर्देशक बने बाबला बागची की पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'संगी रे लहुट के आजा' ने प्रदेश के 30 सिनेमाघरों में रिलीज होते ही दर्शकों का दिल जीत लिया है। रायपुर के श्याम सिनेमा में हुए प्रीमियर शो में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जहाँ सभी ने इस संगीतमय फिल्म की जमकर सराहना की। फिल्म को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म की कहानी एक गाँव के गरीब लड़के की है, जो एक प्रतिभाशाली गायक है और अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई का रुख करता है जिसमें अपनी बुढ़ी माता का सपना पूरा करने की तमन्ना रख मुंबई की ओर रुख करते है। कहानी में रोमांस, इमोशन और दमदार एक्शन का बेहतरीन संतुलन है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखती है। फिल्म का क्लाइमेक्स बेहद प्रभावी ढंग से फिल्माया गया है, जो दर्शकों पर एक गहरी छाप छोड़ता है। अभिनेता योगेश अग्रवाल ने अपने अब तक के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उनका अभिनय इतना दमदार है कि कई दृश्यों में दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो जाते हैं। फिल्म के नए हीरो प्रतीक ने भी अपने किरदार में जान डाल दी है, वहीं हीरोइन सिल्की का अभिनय भी काबिले-तारीफ है और वह महिला दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में सफल रहती हैं।हीरो की माता के किरदार में रंगमंच कलाकार अनीता उपाध्याय ने 50 से की दशक की चर्चित अभिनेत्री दुर्गा खोटे की अभिनय को याद दिलाता है.






## गांधी निभा रही हैं योद्धा रानी कैकेयी की भूमिका

**मुंबई.** सोनी सब का 'वीर हनुमान' अपने प्रभावशाली कलाकारों और बाल हनुमान की कम सुनी कहानियों के कारण दर्शकों के बीच लगातार लोकप्रियता हासिल कर रहा है। इन सभी पात्रों में से जो एक किरदार खासतौर पर सामने उभरकर आता है, वह है रानी कैकेयी का। इसे हुनर हाली गांधी निभा रही हैं। अपने सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस और प्रभावशाली अभिनय के लिए जानी जाने वाली हुनर इस पौराणिक पात्र को एक नए दृष्टिकोण से पेश कर रही हैं। परंपरागत रूप से प्रस्तुत की जाने वाली कैकेयी की छवि से हटकर, इस शो में उन्हें एक निडर योद्धा रानी, समर्पित पत्नी और अत्यंत स्नेही मां के रूप में दिखाया गया है—एक ऐसा किरदार जो भावनात्मक जटिलताओं, साहस और मातृत्व से परिपूर्ण है। यह भूमिका शो की व्यापक कथा में एक केंद्रीय स्थान रखती है। कैकेयी के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए हुनर हाली गांधी ने कहा, "मैं भगवान की बेहद आभारी हूं कि मुझे यह भूमिका निभाने का अवसर मिला। कैकेयी मेरे 18 साल के सफर में निभाए गए सबसे परतदार और शक्तिशाली किरदारों में से एक है। वह सिर्फ एक रानी नहीं है जैसी लोग उसे समझते हैं—वह एक जुझारू योद्धा है, समर्पित मां है, और ऐसी स्त्री है जिसके फैसले गहरे प्रेम और कर्तव्य से प्रेरित होते हैं। जब मैंने इसका नैरेशन सुना, तो मैं भावुक हो गई और तुरंत हां कह दिया। शूटिंग कभी-कभी चुनौतीपूर्ण होती है, लेकिन सेट की ऊर्जा बेहद शानदार है। हम हंसते हैं, सीखते हैं, और एक-दूसरे को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। इस भूमिका ने मुझे सिर्फ कलात्मक संतुष्टि ही नहीं दी, बल्कि यह भी याद दिलाया कि परिवार और करियर, भावना और जिम्मेदारी के बीच संतुलन कितना ज़रूरी है।"

## जब अभिषेक बच्चन से ब्रेकअप के बाद सदमे में चली गयी थी करिश्मा कपूर

करिश्मा कपूर की सगाई 2002 में अभिषेक बच्चन से हुई थी। जब सब कुछ ठीक चल रहा था और अभिनेत्री 'बच्चन बहू' बनने के लिए तैयार थी, तो कुछ महीनों बाद सगाई टूट गई। पांच साल तक रिलेशनशिप में रहने वाले इस जोड़े ने सगाई की घोषणा करने के बाद अपनी शादी तोड़ दी। करिश्मा कपूर की सगाई 2002 में अभिषेक बच्चन से हुई थी। जब सब कुछ ठीक चल रहा था और अभिनेत्री 'बच्चन बहू' बनने के लिए तैयार थी, तो कुछ महीनों बाद सगाई टूट गई। पांच साल तक रिलेशनशिप में रहने वाले इस जोड़े ने सगाई की घोषणा करने के बाद अपनी शादी तोड़ दी। करिश्मा ने खुलासा किया था कि यह उनके लिए एक दर्दनाक अनुभव था और कपूर खानदान ने उन्हें इस कठिन दौर से बाहर निकलने में मदद की। करिश्मा कपूर ने कहा था, "अब समय आ गया है कि मैं बोलूं। मैं सभी की आभारी हूं। इस साल की शुरुआत मेरे लिए दर्दनाक थी। मैं नहीं चाहती कि कोई भी लड़की इससे गुज़रे। मुझे अपने दुख और दर्द से खुद ही निपटना पड़ा। मुझे लगता है कि समय सबसे अच्छा मरहम लगाने वाला होता है। हालाँकि मैं बहुत कुछ झेल चुकी हूँ, लेकिन जो कुछ भी हुआ है, मैं उससे समझौता कर चुकी हूँ। मैं बस इतना ही कहूँगी कि जो होना है, वो होना ही है।



मैं अपनी समस्याओं का सामना करने के लिए भावनात्मक रूप से तैयार नहीं थी। ज़िंदगी आपको अलग-अलग कार्ड देती है। आपको बस उसी के हिसाब से चलना है।" उन्होंने आगे कहा, "मैं मीडिया को इतना समझदार और सहायक होने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। सभी ने मुझे अकेला छोड़ दिया। मैं इस पर और कुछ नहीं कहना चाहती, सिवाय इसके कि अगर मेरे माता-पिता [बबीता और रणधीर कपूर], बहन [करीना], मेरी दादीजी [कृष्णा राज कपूर], मेरी दो बुआ [रीमा जैन और रितु नंदा] और मेरे करीबी दोस्त न होते, तो मैं अपने दुख से बाहर नहीं आ पाती।" करिश्मा और अभिषेक के ब्रेकअप के पीछे की असली वजह तो सिर्फ़ उन्हें और उनके चाहने वालों को ही पता है, लेकिन अमिताभ बच्चन ने एक बार इसके लिए प्रतिकूल परिस्थितियों को ज़िम्मेदार ठहराया था। 2005 में, अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन करण जौहर द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो कॉफ़ी विद करण के पहले सीज़न में नज़र आए और दिग्गज अभिनेता ने कहा, "यह एक संवेदनशील क्षण था। रिश्ते बन रहे हैं, रिश्ते टूट रहे हैं। यह किसी भी युवा के लिए और जाहिर तौर पर परिवार के लिए भी दुखद हो सकता है। हम नहीं चाहते कि ऐसा किसी के साथ हो, लेकिन अगर परिस्थितियाँ मिलन के लिए अनुकूल नहीं हैं, तो बेहतर है कि आप अलग-अलग रास्ते अपनाएँ। ऐसा ही हुआ।" दिलचस्प बात यह है कि करिश्मा की मौसी रितु नंदा का बच्चन परिवार से पारिवारिक रिश्ता है। रितु के बेटे निखिल नंदा की शादी श्वेता बच्चन से हुई है।

एक नजर

## कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 26 जून को

**धमतरी 22 जून।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आगामी 26 जून को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 11 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक स्वामी आत्मानंद शासकीय श्रेष्ठ अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छात्राएं प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 24 जून तक अधीक्षक, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर दुगली के कार्यालय में जमा कर सकतीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सादे कागज में आवेदन पत्र, बायोडाटा, आवेदिका का नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म तिथि, निवास स्थान, पांचवीं में उत्तीर्ण संस्था का नाम और प्राप्त ग्रेड, कक्षा पांचवीं की अंकसूची जमा करना होगा।जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली पूरी तरह आवासीय है। यहा वर्तमान में पहली से बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित की जा रहीं हैं।

# कारली स्वागत द्वार के अधूरे निर्माण पर एसडीएम ने वसूली के लिए जारी किया 38 लाख का नोटिस

- कारली स्वागत द्वार के लिए दी गई थी 92 लाख की मंजूरी दी थी कलेक्टर ने
- राशि नहीं लौटाने पर धारा 92 के तहत होगी कार्रवाई
- गिरफ्तारी तक का प्रावधान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 22 जून।** गीदम-दंतेवाड़ा नेशनल हाईवे मार्ग पर पुलिस लाइन कारली के नजदीक निर्माणाधीन स्वागत द्वार अधूरा रहने के मामले में गीदम एसडीएम ने संबंधित ठेकेदार व सरपंच सचिव को नोटिस जारी कर 38.4 लाख रुपए वापस लौटाने को कहा है। इस स्वागत द्वार के निर्माण के लिए 92 लाख रुपए की मंजूरी एनएमडीसी मद से तत्कालीन कलेक्टर विनीत नन्दनवार के कार्यकाल में मिली थी। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत कारली को बनाया गया था। निर्माण कार्य का ठेकेदार प्रवीण राणा थे जो अब जिला पंचायत सदस्य बने हैं। स्वीकृत कुल राशि में से कुल 38.400 लाख रुपए की प्राथमिक राशि भी जारी हो चुकी थी, जिसमें सिविल वर्क के लिए 8.384 लाख, डेकोरेटिव आइटम के लिए क्रमश 17.044 लाख व 12.972 लाख रुपए की राशि शामिल थी। इतनी राशि में स्वागत द्वार के 3 कांक्रीट पिलर ही खड़े किए जा सके। इस बीच वर्ष 2023-24 में कलेक्टर ने निरीक्षण कर आधा-अधूरा निर्माण कार्य पाते हुए इसकी मंजूरी को ही निरस्त कर दिया। साथ ही कार्य के लिए जारी हो चुकी राशि शासन को लौटाने के निर्देश भी दिए। अब सरकार बदलने के बाद भी इस स्वागत द्वार का काम अधूरा पड़ा है। इस बीच गीदम एसडीएम ने राशि रिकवरी के लिए ग्राम पंचायत कारली के तत्कालीन सरपंच उमेश कश्यप, तत्कालीन सचिव दीपक चंद्राकर, ठेकेदार व जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, वर्तमान सरपंच सावित्री कश्यप, सचिव प्रदीप पोडियाम को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। एसडीएम विवेक चंद्रा के मुताबिक राशि रिकवरी के लिए सीआरपीसी की धारा- 92 के विविध प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें गिरफ्तारी से लेकर जेल भेजने तक का प्रावधान है।

### आधे-अधूरे पिलर से हो रहे हादसे

सड़क के बीचों बीच खड़े आधे-अधूरे पिलर की वजह से यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। पखवाड़े भर पहले एक बाइक सवार युवक इसी पिलर के पास अनियंत्रित होकर गिर पड़ा था, जिसकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में योग शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

**सुकमा, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में जिले को ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर स्थल पर भव्य योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों तथा विभिन्न विभागीय कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।आयोजित इन शिविरों में उपस्थित प्रतिभागियों को प्राणायाम, सूर्य नमस्कार तथा अन्य महत्वपूर्ण योगासनों के लाभ बताए गए। इस दौरान प्रशिक्षकों ने नियमित रूप से योग करने के महत्व पर जोर दिया और सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम॰ अभियान 2.0 के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों तथा आमजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने कहा कि योग हमारे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अमूल्य है, और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग अवश्य शामिल करना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल कर इस अभियान को सफल बनाएं।

## गांव की सड़क पर उतरा हाथियों का दल



**रायगढ़,22 जून।** जिले के एडु-सिंघनपुर मार्ग पर शनिवार को जंगल से निकलकर आधा दर्जन हाथियों का दल अचानक सड़क पर पहुंच गया. हाथियों को देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई. हाथियों ने सड़क के बीच खड़े होकर रास्ता जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई.हाथियों के इस झुंड में दो शावक भी शामिल हैं. ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी है और बड़ी संख्या में लोग हाथियों को जंगल की ओर भगाने की कोशिश कर रहे हैं. यह घटना खरसिया और धर्मजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से लगे जंगल क्षेत्र की है.वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश में जुटी है. इस दौरान लोगों से अपील की गई है कि वे हाथियों के करीब न जाएं और सतर्क रहें।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों, प्रशिक्षकों को मिलेगा पुरस्कार

**धमतरी 22 जून।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हर साल खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को दिया जाता है। खेल अधिकारी ने बताया कि इन पुरस्कारों के इच्छुक खिलाड़ी आगामी 26 जून तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किये गये नियमों के तहत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है। खेल अधिकारी ने यह भी बताया कि वर्ष 2023-24 में (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) एवं वर्ष 2024-25 में (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) जिन खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया है, वे खिलाड़ी जिला कार्यालय एवं अपने खेल संघों से आवेदन फार्म प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं। आवेदन संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण रायपुर अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी में कार्यालयीन समय में निर्धारित दस्तावेज सहित जमा किया जा सकता है। इसी तरह खेलवृत्ति (डाईट मनी) के लिये जिन खिलाड़ियों ने अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हो, खेलवृत्ति हेतु आवेदन कर सकेंगें। खेलवृत्ति की अधिकतम आयु सीमा 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खेल संघो से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2023-24 में (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) एवं वर्ष 2024-25 में (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) अर्जित की गई उपलब्धि के लिए प्रेरणा निधि के आवेदन निर्धारित तिथि तक जिला कार्यालय में जमा कर सकेंगे। खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी, संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण रायपुर में राज्य खेल संघो से अनुसंशा सहित आवेदन अंतिम तिथि तक जमा किया जा सकेगा। खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण, सम्मान के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप और विस्तृत जानकारी खेल विभाग की उपलब्ध है। राज्य खेल अलंकरण के तहत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ी जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो अथवा अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो, उन्हें शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। इसी तरह जुनियर वर्ग के वे खिलाड़ी, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो, उन्हें शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। जिन्होंने गत पांच सालों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व किये हों, ऐसे महिला-पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। खेल अधिकारी ने यह भी बताया कि प्रशिक्षकों-निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया।

## विभिन्न कार्यों की स्वीकृति पर अजय चंद्राकर का आभार जताया

**अंवरी, 22 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयासों से नगर पंचायत भखारा भठेली के लिए कुल 99 लाख मुक्तिधाम,तथा अन्य निर्माण कार्यों हेतु 23 लाख (कुल 1 करोड़ 22 लाख) की लागत से मुक्तिधाम उन्नयन सहित विभिन्न सी सी रोड, सी सी टॉप, नाली साथ ही पाईप लाईन संबंधी अध्यक्ष की मांग पर मंजूरी दी गई है, जिससे नगर का स्वरूप और जीवनशैली दोनों बदलने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा है।नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने तुरंत पहल कर अजय चंद्राकर अनुशंसा पर मुक्तिधाम के उन्नयन की बहुप्रतीक्षित मांग पर सकारात्मक पहल किया।

## अंगारमोती मंदिर परिसर में बनेगा हर्बल गार्डन

**धमतरी 22 जून।** धमतरी के गंगरेल गांव में प्रसिद्ध मां अंगारमोती मंदिर परिसर में जल्द ही आकर्षक हर्बल गार्डन आकार लेगा। लगभग दो एकड़ में बनने वाले इस गार्डन को ''चरक पार्क'' के नाम से जाना जाएगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के विशेष प्रयासों से औषधीय पादप बोर्ड के सीईओ जे. सी. एस राव ने कल ही मंदिर ट्रस्ट की दो एकड़ जमीन का मौका मुआयना किया था। इस गार्डन के लिए 34 लाख 43 हजार रूपये की मंजूरी मिली है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि चरक पार्क के स्थापित हो जाने से धमतरी में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। धमतरी का मौसम और मिट्टी औषधीय पौधों की खेती के लिए उपयुक्त है और इसकी खेती से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि औषधीय पौधों की खेती से भविष्य में हर्बल हेल्थ टूरिज्म की संभावनाएं भी खुलेंगी। इसके साथ ही धमतरी में हर्बल मंडी की स्थापना के प्रयास भी किए जाएंगे, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल सकेगा।मां अंगारमोती मंदिर परिसर में बनने वाले इस चरक पार्क का आकार 195 मीटर लम्बा और 50 मीटर चौड़ा होगा। इसमें लगभग 31×23 वर्गमीटर आकार के 12 खण्ड बनाए जाएंगे। इन खण्डों में हर्रा-बहेड़ा, आंवला, अश्वगंधा, शतावरी, गिलोय, सर्पगंधा, एलोविरा, जटामासी, कचनार, मीठा नीम, लौंग, तुलसी, बच, लेमनग्रास, ब्राम्ही जैसे औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा। हर एक ब्लॉक के बीच आने-जाने के लिए पाथवे भी बनाया जाएगा। चरक पार्क में 7 आकर्षक पगोड़े भी होंगे। मां अंगारमोती का दर्शन करने आने वाले लोग इस चरक पार्क में घूम सकेंगे और औषधीय पौधों के उपयोग आदि की जानकारी ले सकेंगे। मां अंगारमोती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री जीवराखन मरई ने मंदिर परिसर में चरक पार्क बनाने की स्वीकृति पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कलेक्टर श्री मिश्रा और जिले के वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। श्री मरई ने कहा कि मां अंगारमोती ट्रस्ट की भूमि पर बनने वाले इस हर्बल पार्क से पारम्परिक जडी-बूटियों से इलाज करने के प्राकृतिक तरीकों को संरक्षित किया जा सकेगा।

# सर्व आदिवासी समाज ने उठाए 12 बड़े मुद्दे

**दंतेवाड़ा 22 जून।** सर्व आदिवासी समाज दंतेवाड़ा ने शनिवार को बस स्टैंड में आदिवासी विश्राम भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में बस्तर अंचल के आदिवासियों की उपेक्षा, उनके अधिकारों के हनन और क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों पर शासन-प्रशासन को चेताया। समाज ने अवैध बांग्लादेशी नागरिकों पर कठोर कार्यवाही से लेकर शिक्षा, रोजगार और खनिज संपदा के संरक्षण तक अनेक मुद्दों पर अपनी स्पष्ट मांगें सामने रखीं।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाज के संरक्षक बल्लू राम भवानी ने कहा कि बस्तर और छत्तीसगढ़ राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक लगातार आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा, जंगलों का नष्टकरण और आदिवासी बेटियों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सरकार की टास्क फोर्स रोहिंग्या मुसलमानों की खोज तक ही सीमित है, जबकि बिना ग्रीन कार्ड वाले अवैध बांग्लादेशियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने मुसाफिरी पंजीयन को अनिवार्य करने और स्थानीय संस्कृति, सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की।सर्व आदिवासी समाज ने



तृतीय व चतुर्थ श्रेणी शासकीय सेवाओं में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की। समाज का कहना था कि व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में आदिवासी युवाओं को बाहरी उम्मीदवारों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है, जबकि क्षेत्र की शैक्षणिक परिस्थितियां समान नहीं हैं। समाज ने विभागों में प्रमोशन प्रक्रिया को तेज करने की बात भी कही ताकि नए पद सृजित हो सकें और युवाओं को रोजगार का अवसर मिले।

बल्लू राम भवानी ने कहा कि शिक्षकों के सेटअप में कटौती से शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्थानीय भाषा में शिक्षा देने की बात की जा रही है, लेकिन बस्तर के स्कूलों में स्थानीय भाषा जानने वाले शिक्षकों की कमी है।आश्रमों और छात्रावासों में बालिकाओं के साथ हो रही घटनाओं को लेकर भी प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की गई।सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर की खान खदानों के निजीकरण पर विरोध जताते हुए इसे आदिवासी हितों के खिलाफ बताया। समाज ने मांग की कि खनिज संपदा का दोहन सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से हो, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और क्षेत्र का विकास हो। पेशा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और उसमें आवश्यक संशोधनों को प्राथमिकता देने की भी मांग की गई।पेशा कानून का सही रूप से पालन हो ग्राम सभा में अनुमोदन के बाद ही हो ग्रामीणों की जमीनों का हो विक्रयसमाज ने चेताया है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो वे बड़े जनआंदोलन की राह अपनाएंगे। समाज ने सभी आदिवासी संगठनों और जागरूक नागरिकों से इस संघर्ष में एकजुट होने की अपील की।इस प्रेस वार्ता में संरक्षक श्री बल्लू राम भवानी, आर एन साय , जिला अध्यक्ष सुरेश कर्मा, महासचिव धीरज राणा, भीमसेन मंडावी, गंगू राम कश्यप,राजकुमार ओयामी,सुंदरु नेताम, राम कुंजाम, नोमेश पिद्द,संपत्त यालम ,जोगा पोडियम ,आर बी कोड़पी, हरी राम डेगल , विमल सोरी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 23 से 27 जून तक

**धमतरी 22 जून।** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार सूची विभागीय किया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसिलिंग 23 जून से 27 जून तक राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को काउंसिलिंग स्थल में निर्धारित समय के एक घंटा पहले उपस्थित होना होगा।

उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कक्षा आठवीं की अंकसूची, यदि परिवार नक्सल हिंसा से प्रभावित है, तो इस आशय का संबंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र आदि की मूल एवं सत्यापित छायाप्रति तथा काउंसिलिंग फॉर्म भी ले जाना होगा। काउंसिलिंग फॉर्म और योजना संबंधी जानकारी का अवलोकन विभागीय वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है।

## योग विश्व को प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है: डॉ एकता लंगेह

**महासमुंद्र, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन गुरु गोविंद सिंह बी टी आई गार्डेन में किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न संस्था व नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ एकता लंगेह समाज सेवी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ एकता ने शुभकामना देते हुए कहा कि योग विश्व को प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है यह न केवल आपकी शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है बल्कि आपकी मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत करता है। इस वर्ष योगा डे थीम अनुसार एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है÷ 2025 एक महत्वपूर्ण मिल का पत्थर है क्योंकि यह इस वैश्विक उत्सव की 11वीं वर्षगांठ है। कार्यक्रम में निवेदिता वर्मा ने कहा की योग का नियमित अभ्यास हमें कई तरह से फायदा पहुंचता है यह हमारे शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है जिससे हम दिन भर के कार्यों को आसानी से कर पाते हैं। साथ ही यह हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है और मन को शांत रखता है जिससे तनाव और चिंता कम होती है आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में जहां बीमारियां आम हो गई है वहां योग हमें स्वस्थ रखने में मदद करता है।

# पीएम व सीएम जनजातीय विकास के लिए काम कर रहे:सांसद कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




सुकमा, 22 जून ।बस्तर लोकसभा सांसद श्री महेश कश्यप के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं लाभ शिविर छिंदगढ़ विकासखंड के सौतनार पंचायत में संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को निरंतर शासन केमाध्यम से विभिन्न सौगात मिल रहा है। केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में प्रतिदिन आयोजित होने वाली इन शिविरों के माध्यम से जनजाति परिवार के लोगों को 17 मंत्रालयों के 25 सेवा एवं योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सौतनार में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रही है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में भी हर वर्ग का विकास हो रहा है। गांव गांव में पक्का मकान बन रहा है, जल जीवन मिशन से हर घर शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है, घर घर शौचालय, उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन से महिलाओं को बहुत राहत मिली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों का कल्याण हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, अंत्यावसायी व स्वरोजगार स्थापित करने हेतु संचालित योजनाओं का लाभ दिलाएं, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके और आत्मनिर्भर बन सकें। जन जन तक शासकीय योजनाओं को पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। दूरस्थ वनांचलों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और शिविर लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जनजाति गौरव वर्ष में आयोजित धरती आबा विकास कार्यक्रम भी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे और जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया।आयोजित शिविर के दौरान जनजातीय परिवार के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं नया राशन कार्ड बनाने के अलावा आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा शिविर में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन, जनधन खाता, बीमा कव्हरेज, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन, नल कनेक्शन के अलावा वनाधिकार पत्रधारी कृषकों को कृषि, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई। शिविर के माध्यम से शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिलने तथा उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण होने से जनजातीय परिवार के लोग एवं हितग्राहियों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने केन्द्र सरकार के इस लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन की महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए इसे अपने जैसे जनजातीय परिवार के अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभप्रद बताया है।

# भाजपा कमीशनखोरी के लिए तेंदूपत्ता संग्राहकों से मनपसंद चरणपादुका खरीदने का अधिकार छीन रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 जून।** संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के द्वारा संबोधित किया गया... प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने कहा भाजपा सरकार के चरण पादुका योजना में चप्पल जूता वितरण करने के निर्णय कमीशन खोरी के लिए है.भाजपा सरकार अपने कुछ पूंजीपति चप्पल जूता निर्माताओं से कमीशन लेकर तेंदूपत्ता संग्राहकों से मनपसंद चरण पादुका खरीदने का अधिकार छीन रही है। भाजपा का नारा है चंदा दो धंधा लो।पूर्व कांग्रेस की सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को मंदपसंद चप्पल खरीदने के लिए योजना के माध्यम से नगद राशि सीधा उनके खाता में ट्रांसफर किया था। नगद राशि ट्रांसफर करने से तेंदूपत्ता संग्राहक अच्छी कम्पनी की जूता चप्पल स्थानीय बाजार से खरीदी करते थे, उन्हें अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुरूप चुनने का अधिकार मिलता था। इसे स्थानीय स्तर पर व्यापार भी चलता था। बाजार में रौनक होती थी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार हर योजना में नगद राशि हितग्राहियों के खाता में सीधा ट्रांसफर करने की बात करती हैं। वही राज्य की भाजपा अपने खजाना में काली कमाई का पैसा जमा कराने नगद ट्रांसफर योजना को बंद कर समान वितरण की नीति बना रही है। भाजपा की नीति और नियत में यही फर्क दिख रहा है।राज्य की भाजपा सरकार अपने केंद्र सरकार की नीति को नहीं मान रही है।कमीशन की काली कमाई के लालच में गुणवत्ताहीन चप्पल, जूते खपाने की साजिश रची गई है। प्रदेश ने देखा है पूर्व रमन सरकार में तेंदूपत्ता संग्राहकों चरण पादुका देने के नाम से भारी भ्रष्टाचार हुआ था।उस दौरान खराब से खराब क्वालिटी की रंग बिरंगी चप्पल खरीदी की गई थी।तेंदूपत्ता संग्राहकों को चप्पल वितरण किया गया था उसमें दाहिना पैर का चप्पल का नंबर और रंग अलग तो बायां पैर का चप्पल का नंबर और रंग अलग होता था। और तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस प्रकार से चप्पल वितरित करके उनका अपमान किया जाता था कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई चरण पादुका योजना में नगद राशि खाते में जमा कराने की उसे निरंतर जारी रखा जाए.तेंदूपत्ता संग्रहको मनपसंद चरण पादुका खरीदने के अधिकार से वंचित नही किया जाये। बल्कि बढ़ती महंगाई को हिसाब से चरणपादुका योजना में दी जानी वाली राशि मे वृद्धि किया जाये।खाद बीज का अभूतपूर्व संकट, डीएपी के लिये भटक रहे है किसान, सरकार न डीएपी दे पा रही न एन.पी.के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा मानसून की दस्तक शुरु हो गयी है। खरीफ की बुवाई खाद और बीज की कमी के कारण प्रभावित हो रहा, भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की समस्या का कोई ख्याल नहीं। मानसून बस्तर आ चुका है, पूरे प्रदेश में खरीफ फसल के बुवाई की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, खुर्रा वाले किसान प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं। पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। पहले कहा गया डीएपी के बदले एन.पी.के दिया जायेगा, अब एन.पी.के की कमी हो गयी है।भाजपा सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है,लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है खरीफ फसल की बुआई का समय सर पर है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है छत्तीसगढ़ के किसानों की खाद के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है, लेकिन दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार इस केंद सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ से भेदभाव और छत्तीसगढ़िया किसानों की उपेक्षा पर भी मौन है। सरकार एक सप्ताह के भीतर सभी सोसायटी मे पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध नहीं करवाएगी तो कांग्रेस इसको ले कर बड़ा आंदोलन चलाएगी। 25 जून से 30जून के बीच सोसायटी के सामने प्रदर्शन किया जायेगा।प्रतिदिन 100 टन लोहे की हो रही चोरी,भाजपा नेताओं के सह पर चल रहा है बड़ा सिंडिकेटप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने कहा जिला प्रशासन, एनएमडीसी, पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से प्रतिदिन 100टन लोहअयस्क की चोरी हो रही है, जिसके चलते बस्तर जिले को हो रही करोड़ों रुपए की राजस्व हानि हो रही है..यह सिंडीकेट तत्काल प्रभाव से रुकना चाहिए आखिर ओवर लोडिंग माल बैलाडीला से क्यों भरा जा रहा है और बैलाडिला से ओवर लोडिंग माल भरने के बाद रायकोट में जब माल खाली हो रहा है तो वहां पर खनिज विभाग के अधिकारी क्यों नहीं बोल रहे हैं। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण जिलाध्यक्ष, प्रेमशंकर शुक्ला,पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व विधायक चंदन कश्यप,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव,राजेश राय,संतोष सेठिया,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, निकेत झा, महेश ठाकुर, हनुमान द्विवेदी,अंगद त्रिपाठी, रामशंकर राव,रविशंकर तिवारी,सहदेव नाग, आदित्य बिसेन,संजय पाणिग्रही,पार्षद शुभम यदु,जस्टिन भवानी,अनुराग महतो, शादाब अहमद,एस नीला,मुन्नालाल कश्यप,लोकेश नंदा, रंगा राव, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

एक नजर

## पीजी डॉक्टर्स के लिए 18 महीनों की फ़ेलोशिप

**बिलासपुर, 22 जून।** 18 महीनों के लिए दी जाने वाली इस फ़ेलोशिप में डॉक्टरों को ज़मीनी स्तर पर काम करते हुए सीखने के अवसर मिलेंगे। अज़ीम प्रेमजी फ़ाउन्डेशन और स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रहे देश के 11 महत्वपूर्ण संस्थान मिलकर इस फ़ेलोशिप की शुरुआत कर रहे हैं। ये संस्थान देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद हैं। विदित हो कि अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने पोस्ट ग्रैजुएट डॉक्टरों के लिए 'अज़ीम प्रेमजी हेल्थ इक्विटी फ़ेलोशिप' की घोषणा की हैयह युवा सहभागियों के लिए दूर-दराज़ के क्षेत्रों में रहने वाले कमज़ोर और ज़रूरतमंद समुदायों के लिए काम करने वाले संस्थानों में काम करते हुए मेडिसिन प्रैक्टिसेस से जुड़ी तमाम पेचीदगियों को स्वास्थ्य व्यवस्था के महारथियों से सीखने का अवसर है। इस फ़ेलोशिप के दौरान डॉक्टरों को जमीनी स्तर पर काम करने के अनुभवों के ज़रिए सीखने को मिलेगाइस फ़ेलोशिप के तहत सहभागी फील्ड पर फ़्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मी के रूप में काम करने का बेशकीमती तजुरबा हासिल कर पाएँगे एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की ज़रूरत के मुताबिक उपलब्ध कराने व लोगों तक पहुँचाने के रास्ते में आने वाली चुनौतियों को समझ पाएँगे तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में आने वाली कई तरह की चुनौतियों सुलझाना सीखते हुए इस क्षेत्र के अनुभवी लोगों और समुदाय के साथ मिलकर काम करना सीख पाएँगे व स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थाई बदलाव लाने के काम कर रहे लोगों से जुड़ेंगे।

## हमर स्वस्थ लईका कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया

**कोरबा 22 जून ।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की राह में ''हमर स्वस्थ लईका'' कार्यक्रम के तहत् गत दिवस 02 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन यूनिसेफ के पोषण समन्वयक डॉ. महेन्द्र प्रजापति तथा एम्स रायपुर श्री जॉन वरून एलेक्जेंडर द्वारा कलेक्ट्रेड ऑडिटोरियम सभाकक्ष में किया गया। जिसमें स्वस्थ भविष्य के लिए सुपोषण के सभी आयाम को शामिल किया गया। सीएमएएमकार्यक्रम अंतर्गत गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों (06 माह से 05 वर्ष) में कुपोषण मुक्त करने हेतु जिले के समस्त परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित कर रणनीति बनाई गयी। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बताया गया कि लोगो के व्यवहार परिवर्तन से कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकलना संभव है। साथ ही मजबूत इच्छा शक्ति एवं जनभागीदारी से कुपोषण मुक्त समाज बनाने की दिशा में स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों व प्रचलित सरकारी योजनाओं के तालमेल से इस अभियान को सफल किया जा सकता है।

## खैरभवना में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोरबा 22 जून ।** जनपद पंचायत कटघोरा के अंतर्गत ग्राम खैरभवना में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के जनजातीय वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है।कार्यक्रम की शुरुआत महान जननायक बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई, जिसमें ग्राम के सरपंच, उपसरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की।शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच षिविर, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, राशन कार्ड ,पेंशन योजनाएं जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, सिकल सेल परीक्षण आदि सुविधाएं एक ही स्थान पर प्रदान की गईं। सभी विभागों के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता ने शिविर को विशेष रूप से लाभकारी बनाया।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बोलेरो ड्राइवर समेत 3 घायल

**कोरबा 22 जून ।** कोरबा में शक्ति नगर गेवरा मार्ग पर सीआईएसफ कैंप के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गया।

हादसे में बोलेरो (नंबर सीजी12 बीजे 6933) में सवार तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का एयरबैग खुल गया, जिससे ड्राइवर और आगे बैठे यात्री की जान बच गई। दोनों वाहन में फंस गए थे, जिन्हें राहगीरों की मदद से बाहर निकाला गया।

# श्रीमद्भागवत के छठे दिन कृष्ण-रुक्मणी विवाह रासलीला का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 22 जून।** स्वर्गीय ओम प्रकाश करेशिया शर्मा के प्रथम पुण्यतिथि पर शर्मा परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।





श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित रामकिशोर दधीच ने मटकी फोड़, रास लीला एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महा रास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव सागर को पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। वाचक पंडित रामकिशोर दधीच ने कहा कि रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महा रास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण- रुकमणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई।वाचक पंडित रामकिशोर दधीच ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी श्रीकृष्ण- रुकमणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे।

**कंस के अत्याचारों से दिलाई मुक्ति**

कथा वाचक पंडित रामकिशोर दधीच ने बताया कि कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राह त्राह जब करने लगी तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे। तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवा कर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया, वहीं कंस के द्वारा अपने पिता उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी श्रीकृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया।

# बेटी तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं : मुख्यमंत्री साय





**जांजगीर-चांपा, 22 जून।** छत्तीसगढ़ के पामगढ़ की सॉफ्टबॉल खिलाड़ी सालू डहरिया के सपनों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उड़ान दे दी है। चीन के सियान शहर में आयोजित होने जा रही अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में सालू भारतीय टीम का हिस्सा हैं, लेकिन आर्थिक तंगी उनके रास्ते की बड़ी बाधा बन गई थी. मुख्यमंत्री साय ने खिलाड़ी सालू डहरिया को 1.70 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की. साथ ही उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए संवाद कर सालू का मनोबल बढ़ाया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जांजगीर-चांपा कलेक्टर के माध्यम से सालू डहरिया से वीडियो कॉल पर बात की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सालू की उपलब्धियों की सराहना की और चीन में भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए कहा. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन राज्य के लिए गर्व की बात है.सालू डहरिया ने अबतक 12 नेशनल गेमों में हिस्सा लिया है. 14 से 20 जुलाई 2025 तक होने वाली इंटरनेशनल सॉफ्ट बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में सालू का चयन हुआ है।

# केंद्र से छग में डीएपी की सप्लाई नहीं हो रही तो खुले बाजार में कैसे:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कथित डबल इंजन की सरकार किसानों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। पूरे प्रदेश में किसानों को भाजपा निर्मित कृत्रिम खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों को डीएपी खाद की सप्लाई ना कर सरकार द्वारा खुले बाजार में अधिक दाम पर बेचने उपलब्ध करा दिया गया है। सरकार के दोहरे चरित्र के चलते उनके किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। डीएपी संकट को लेकर आए दिन प्रशासनिक अमले यह कह रहे हैं, कि केंद्र द्वारा प्रदेश को डीएपी की सप्लाई नहीं होने के कारण यह संकट उत्पन्न हुई है। यदि ऐसा है तो निजी दुकानों में डीएपी का स्टाक कहां से किया जा रहा है। यदि केंद्र से प्रदेश में डीएपी ही नहीं आता तो खुले बाजार में भी डीएपी संकट की स्थिति दिखाई देती। लेकिन, प्रदेश में केवल शासकीय दुकानों में ही किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जबकि खुले बाजार में भारी मात्रा में डीएपी उपलब्ध है। जिसे किसानों की विवशता का लाभ उठाकर ऊँचे दरों पर बेचा जा रहा है।चंद्राकर ने कहा कि शासन-प्रशासन केंद्र से पूरे प्रदेशभर में डीएपी खाद की सप्लाई नहीं होने की जानकारी दे रहा, ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब जिला सहित पूरे प्रदेश में केंद्र से डीएपी खाद की सप्लाई नहीं होने की बात कही जा रही है, तो निजी दुकान संचालकों के पास कहां से उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएपी खाद के विकल्प के रूप में अन्य खाद को थमाया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि सोसायटी में नहीं मिलने वाले डीएपी खाद कृषि केंद्रों में महंगे दाम पर बिक रही है। कई दुकानों में किसानों को लादन थमाया जा रहा है। सोसाइटियों में डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद उपलब्ध है, लेकिन यह खाद डीएपी की तुलना में काफी महंगी है। सवाल यह उठता है कि जब सहकारी समितियों में डीएपी खाद नहीं पहुँच रही तो निजी कृषि केंद्रों में डीएपी का भरपूर स्टाक कैसे पहुंच रहा है। समितियों में डीएपी का मूल्य 1350 रुपए निर्धारित है। यह खाद कृषि केंद्रों में 1700 से 1800 रूपए तक बिक रही है। इसके अलावा डीएपी लेने वाले किसानों को लादन थमाया जा रहा है। लादन नहीं लेने पर उन्हें डीएपी भी नहीं दिया जा रहा।



चंद्राकर ने कहा कि खाद की कालाबाजारी कर किसानों को परेशान करने काम भाजपा की साय सरकार कर रही है। कमीशन का खेल प्रदेश भर में चल रहा है। शुरूआती दौर में धान के पौधों को बढ़ने और मजबूती के लिए नाइट्रोजन और फास्फोरस की जरूरत होती है। डीएपी में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन और 46 प्रतिशत फास्फोरस होता है। इस कारण किसान इस खाद को प्राथमिकता देते हैं। इसके विपरीत एनपीके में नाइट्रोजन और फास्फोरस की मात्रा कम होती है। उपर से दाम भी डीएपी की तुलना में अधिक होती है। डीएपी नहीं मिलने से किसान खुले बाजार में अतिरिक्त राशि देकर डीएपी खरीद रहे हैं।

## कलेक्ट्रेट में बना जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष

**रायगढ़, 22 जून।** आगामी मानसून 2025 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम)को जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 10 में स्थापित किया गया था।

जिसे कक्ष क्रमांक 10 के स्थान पर अब कक्ष क्रमांक 42 को आगामी आदेश पर्यन्त तक जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम)बनाया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07762-223750 है।

# ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ में चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**रायगढ़, 22 जून।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी रायगढ़ जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रगतिरत निर्माण कार्य को समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी निर्माणाधीन नालंदा परिसर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में समय-सीमा एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्माणाधीन ऑक्सीजोन की कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन में प्लांटेशन, ओपन एयर जिम और कम्युनिटी स्पेस निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ऑक्सीजोन के चारों ओर बन रहे सड़क निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान वे पटेलपाली सब्जी मंडी भी पहुंचे। उन्होंने कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेड लगाने के शेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं जल निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान सभापति नगर निगम श्री डिग्रीलाल साहू, श्री उमेश अग्रवाल, श्री दिबेश सोलंकी, श्री प्रवीण द्विवेदी, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ श्री अरविंद पीएम, एसडीएम श्री महेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज जिले के विभिन्न जलाशयों के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बड़े हल्दी, सोड़ेकेला, बाघाडोला, मंशाटार एवं सिंहा जलाशयों के स्वीकृत जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने सभी जलाशय के पूर्ण हुए जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गुणवत्ता की जानकारी ली। सर्व प्रथम बड़े हल्दी गाँव के जलाशय में मौके पर ग्रामीणों द्वारा डेम पर रैम्प की मांग पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ठेकेदार को तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह सोड़ेकेला जलाशय के जीर्णोद्धार नहर लाईनिंग, वेस्ट वेयर, बाँध का कार्य, हेड स्लूस निर्माण, केनाल स्ट्रक्चर के पूर्ण कार्यों का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने पचरी एवं बिजली पोल शिफ्टिंग की मांग की, जिस पर जल संसाधन विभाग को अतिशीघ्र पचरी निर्माण एवं ईई सीएसईबी को पोल शिफ्टिंग का कार्य निराकरण के संबंध निर्देश दिए। बाघाडोला एवं मंशाटार जलाशय के निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि जीर्णोद्धार, गेट निर्माण एवं वेस्ट वेयर का निर्माण यहां पूर्ण हो चुका है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा जल भराव क्षमता बढ़ाने हेतु गहरीकरण की मांग पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर वर्षा के पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिंहा जलाशय निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बांध पार में आवाजाही हेतु मुरूम डालने की मांग पर जल संसाधन विभाग को तत्काल कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने बड़े हल्दी, बासनपाली, सिंहा, बाघाडोला, सोड़ेकेला, मंशाटार जलाशयों को सीधे भरने हेतु केलो डेम के नहरों से जोडने् हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव, एसपी श्री दिव्यांग पटेल, रायगढ़ एसडीएम श्री महेश शर्मा सहित जल संसाधन विभाग का समूचा अमला एवं सभी लाभान्वित ग्रामों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सेन समाज की प्रतिभाओं ने अपनी उपलब्धियों से समाज को किया गौरवान्वित:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 22 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के कुनकुरी के महुआटोली में आयोजित सर्व नाई सेन समाज के महासम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाई समाज को मेहनती और स्वावलंबी समाज के रूप में जाना जाता है। सेन समाज के अनेक लोग आज शिक्षा, व्यापार, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के दम पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस वर्ष 12वीं कक्षा के प्रदेश टॉपर अखिल सेन इसी समाज से हैं। रायपुर में एआई डेटा सेंटर की स्थापना करने जा रहे इंदौर के उद्यमी भी सेन समाज से हैं। मुख्यमंत्री ने भारत रत्न स्व. श्री कर्पूरी ठाकुर जी का स्मरण करते हुए कहा कि देश की उन्नति में सेन समाज का योगदान उल्लेखनीय रहा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जन्म से लेकर अंत्येष्टि तक कोई भी संस्कार सेन समाज के योगदान के बिना पूर्ण नहीं होता। समाज के विविध संस्कारों में इस समाज की भूमिका अत्यंत विशिष्ट है।

**शिक्षा है समाज की प्रगति की कुंजी:मुख्यमंत्री**



मुख्यमंत्री श्री साय ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की कुंजी है। जिस समाज में शिक्षा का स्तर ऊंचा होता है, वह समाज उतना ही सशक्त और प्रगतिशील बनता है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु निरंतर नीतिगत निर्णय ले रही है। राज्य में अब राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थाएँ स्थापित की जा रही हैं। नालंदा परिसर जैसे अत्याधुनिक पुस्तकालयों का निर्माण प्रदेशभर में किया जा रहा है, ताकि छात्र प्रतियोगी युग के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें।सेन समाज को सामाजिक भवन विस्तार व बाउंड्रीवाल के लिए ?20 लाख की सौगातमुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कुनकुरी स्थित सेन समाज के सामाजिक भवन के विस्तार हेतु ?10 लाख और बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु ?10 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।छत्तीसगढ़ केश शिल्पी बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन ने इस अवसर पर कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मसम्मान का मजबूत आधार बन रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने माताओं-बहनों में एक नया आत्मविश्वास जगाया है और शासन की जनहितैषी योजनाएँ प्रदेश में सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास का आधार बन रही हैं।मुख्यमंत्री ने सेन समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानितमुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर सेन समाज के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान सदस्यों को ÷संत शिरोमणि सेन सम्मान से सम्मानित किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, श्री कृष्ण कुमार राय, श्री भरत सिंह, सर्व सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री पुनीत सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अविनाश ठाकुर, श्री राज श्रीवास सहित समाज के पदाधिकारीगण, गणमान्यजन और बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## खनिज और पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्रवाई कर 1300 ट्रैक्टर भंडारित रेत किया जब्त

**कोरबा 22 जून ।** जिला खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त छापामार कार्रवाई में शुक्रवार को 1300 ट्रैक्टर से अधिक मात्रा में अवैध रूप से भंडारित रेत जप्त किया गया। इस कार्रवाई के बाद रेत चोरों में हड़कंप मच गया है। जिला खनिज अधिकारी यू पी खूंटे ने कार्रवाई की पुष्टि की है।जानकारी के अनुसार राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार और कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में रैनी सीजन में नदी नालों से अवैध रेत खनन और अवैध रूप से रेत का भंडारण कर कालाबाजारी करने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कपाटमुड़ा- भैरोताल और बरमपुर डंप क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। कपाटमुड़ा- भैरोताल यार्ड में करीब 1000 ट्रैक्टर रेत अवैध रूप से भंडारित कर रखा गया था। आसपास के लोगों ने बताया कि कादिर खान ने रेत का भंडारण किया है। मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिलने पर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में जप्ती व पंचनामा कार्रवाई की गई।इसी तरह बरमपुर डंप क्षेत्र में 250 ट्रैक्टर अवैध रूप से संग्रहित रेत पाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हीरू जायसवाल ने रेत जमा कर रखा है। बरमपुर डंप में ही दो अन्य स्थानों पर भी 50 - 50 ट्रेक्टर अवैध रेत संगृहीत पाया गया। तीनों स्थानों की रेत की जप्ती बनाई गई है।इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी यू पी खूंटे से संपर्क किया गया तो उन्होंने कार्रवाई की पुष्टि की। छापामार करवाई में दर्री सी एस पी विमल कुमार पाठक ( आई पी एस) और जिला खनिज अधिकारी यू पी खूंटे के साथ कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी, सर्वमंगला पुलिस चैकी प्रभारी विभव तिवारी के साथ पुलिस और खनिज विभाग के सिपाही शामिल थे। जिला खनिज अधिकारी यू पी खूंटे और दर्री सी एस पी विमल कुमार पाठक ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर ऐसी छापामार कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर 23 को

**कोरबा 22 जून ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 23 जून को विकासखंड कोरबा के ग्राम तिलकेजा कलस्टर में सम्मिलित ग्राम बरपाली, चचिया, गिधकुवांरी, गिरारी, जिल्गा, कटकोना, कुदमुरा, तौलीपाली और ग्राम तराईमारडीह के लिए हाईस्कूलबरपाली में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति षिविर का आयोजन किया गया है। इसी तरह विकासखंड कटघोरा के ग्राम देवगांव कलस्टर में सम्मिलित ग्राम देवगांव, बिझरी, रंजना, बतारी, फुलझर, बुंदेली, और कोराई के लिये ग्राम देवगांव, विकासखंड करतला के ग्राम बेहरचुंवा कलस्टर में सम्मिलित ग्राम बेहरचुंवा, बोकरदा, खुंटाकुड़ा, सुवरलोट, केराकछारऔर केरवांद्वारी के लिए ग्राम बेहरचुंवा, विकासखंड पाली के ग्राम बकसाही कलस्टर में सम्मिलित ग्राम बकसाही, चेपा, तालापार, राहाडीह, खैराडूबान, सेमरकछार, सराईपाली, दमिया और ग्राम ढुकुपथरा के लिए ग्राम बकसाही और विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम रोदे कलस्टर में सम्मिलित ग्राम बनिया, चोटिया, भुजंगकछार, लालपुर, फूलसर, सरमा, शिविर आयोजित किया जायेगा।

## आईटीआई में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 25 तक

**कोरबा 22 जून ।** शासकीय आईटीआई कोरबा में सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के लिए व्यवसाय विद्युतकार, कोपा, फिटर, टर्नर, मषीनिष्ट, ड्राफ्ट्समेन, मैकेनिकल, मेकेनिक मोटर व्हीकल, वायरमेंन, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, स्टेनो हिन्दी एवं अंग्रेजी, ड्राइवर कम मैकेनिक में प्रवेष के इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट सीजीआईटीआई डाट एडमिषन्स डाट एनआईसी डाट आईएन पर उपलब्ध है।

# मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ योग से हो रही सांस्कृतिक विरासत मजबूत:ओपी

**रायगढ़, 22 जून।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आज रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में 11 वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम योग संगम एवं हरित योग' थीम पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर सभापति श्री डिग्री लाल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष रायगढ़ श्रीमती सुजाता चौहान, पार्षद नेहा देवांगन, श्री दिबेश सोलंकी, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ श्री अरविंद पीएम, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, उपायुक्त श्री सुतीषण यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।



वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है। इससे बड़े गर्व का विषय हम भारतीयों के लिए नहीं हो सकता। हजारों वर्ष पुरानी हमारी योग की परंपरा रही है, जिसकी परिकल्पना हमारे मनीषियों ने हजारों साल पहले की थी। आदि योगी के रूप में सबसे पहले योगी भगवान शिव को माना गया है, बाद में हमारी परंपरा में महर्षि पतंजलि ने योग को एक वैज्ञानिक आकार दिया और उसे एक व्यवस्थित तरीके से पूरे समाज में देश में दुनिया में प्रसारित करने का रास्ता प्रशस्त किया। इस तरह से हमारी पुरानी परंपरा योग की रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 2014 में जब देश के प्रधानमंत्री बने तो उनका व्यक्तित्व, उनका विजन उनकी सोच स्पष्ट थी कि विकास भी विरासत भी। हमें अपने देश को विकास के नए सोपानों पर लेकर जाना है, आर्थिक रूप से हमको दुनिया की बड़ी शक्ति बनना है, इस दिशा में उन्होंने बहुत तेजी से काम किया। इसी की परिणाम है कि 2014 में जो देश की अर्थव्यवस्था दसवें नंबर पर थी। पिछले 10 साल के भीतर श्री मोदी के नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर आ गयी। इस तरह के अनेकों कार्यों को उन्होंने आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने पहले ही साल 2014 में संकल्प लिया कि योग को देशभर में ही नहीं दुनिया भर में स्थापित करना है, इसलिए उन्होंने प्रयास प्रारंभ किया और हम सबके लिए बहुत गर्व का विषय रहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा ने प्रस्ताव लाया गया और दुनिया के 177 देशों ने योग को अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित करने के लिए भारत का समर्थन किया। उन्होंने योग को मान्यता दी वह भारत के सांस्कृतिक महत्व की स्वीकृति थी, यह भारत को जगतगुरु मानने की एक तरह से स्वीकृति थी और आज पूरी दुनिया में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने योगाभ्यास करवाने वाले टीम एवं प्रदर्शन करने वाले आयुष की टीम को बधाई दी।वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने योग प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्वेच्छानुदन से 3-3 हजार रुपए की राशि एवं उनके शिक्षक को 25 हजार की राशि स्वीकृत की, ताकि वे अन्य बच्चों को भी प्रशिक्षित कर पाए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।विभिन्न आसन्नों के साथ लोगों ने किया योगाभ्यासपतंजलि योग संस्थान एवं आयुष विभाग की श्रीमती चुलेश्वरी साव, श्रीमती सत्या, जज्ञसैनी बारला, वर्षा प्रधान एवं श्रीमती कल्याणी सरकार ने प्रार्थना, कटीचालन, ताड़ासन, श्वसन, वक्र आसन, ध्यान, कटी चक्रासन, अर्द्धचक्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम जैसे विभिन्न आसन के माध्यम से योगाभ्यास करवाया। जिसमें बड़ी संख्या जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं जनसामान्य शामिल होकर योगाभ्यास किया। वहीं आयुष टीम के बच्चों ने मनमोहक योगा डेमोंस्ट्रेशन की प्रस्तुति दी।

**नशामुक्त एवं साक्षर भारत उल्लास के लिए दिलाई शपथ**

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने नशा मुक्त भारत अभियान एवं उल्लास के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने लोगों को नशा से दूर रहने, विकसित राज्य बनाने, परिवार में हर्षोल्लास, तन, मन, धन को सुदृढ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ ही लोगों से संपर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने के साथ ही उल्लास कार्यक्रम से जुड़कर शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करने, कर्तव्य पूर्ण भाव से योगदान देने, शिक्षार्थियों को साक्षर बनाने, अपने पूर्ण ज्ञान और कौशल का प्रयोग करने, लोगों को साक्षर बनाने के लिए प्रेषित करने की निरंतर प्रयास करते हुए जन-जन को साक्षर बनाने की शपथ ली।

# शिविरों से जनजातीय समाज के लोगों को मिल रहा है निरंतर सौगात

**गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में बहुप्रतीक्षित मांगों के पूरा होने तथा शासकीय योजनाओं के लाभ एवं सुविधा मिलने से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त**

**बालोद, 22 जून।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के सभी विकासखण्डों के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन आयोजित होने वाले लाभ संतृप्ति शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को निरंतर सौगात मिल रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित आदिवासी बाहुल्य ग्राम गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आदिवासी वर्ग के लोगों के बहुप्रतीक्षित मांगों के पूरा होने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ एवं सुविधा मिलने से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों के अलावा आदिवासी समाज के लोगों ने लाभ संतृप्ति शिविर को जनजातीय समाज के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं उपयोगी बताते हुए शिविर के आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की।

शिविर में पेंशन योजना से लाभान्वित ग्राम कुंजकन्हार निवासी श्रीमती खेमिन बाई विधवा पेंशन योजना से लाभ लेने के लिए उनके सभी प्रक्रिया पूरा होने पर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रही थी। इसी तरह शिविर में ग्राम कुंजकन्हार निवासी आनंद राम एवं ग्राम गुदुम निवासी श्रीमती काजल, नवली और सत्यवती ने श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरा होने पर शिविर के आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।



आज गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में जनपद पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्राम पंचायत गुदुम, कारूटोला और अवारी, कुंआगोंदी, मरकाटोला, सुरडोंगर सहित आसपास के ग्राम पंचायत के सरपंचगणों के अलावा अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा हितग्राहीजन उपस्थित थे।

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में प्रतिदिन आयोजित होने वाली इन शिविरों के माध्यम से जनजाति परिवार के लोगों को 17 मंत्रालयों के 25 सेवा एवं योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है।

आयोजित शिविर के दौरान जनजातीय परिवार के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं नया राशन कार्ड बनाने के अलावा आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा शिविरों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन, जनधन खाता, बीमा कव्हरेज, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन, नल कनेक्शन के अलावा वनाधिकार पत्रधारी कृषकों को कृषि, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई। आज आयोजित शिविर के माध्यम से शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिलने तथा उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण होने से जनजातीय परिवार के लोग एवं हितग्राहियों में हर्ष व्याप्त है। इसी कड़ी में आज डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 11 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 09 हितग्राहियों का राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को आधार कार्ड, 10 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन योजना, 02 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 03 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड की सौगात मिलने के अलावा योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई।

# जुड़ाव और सकारात्मक ऊर्जा का सशक्त माध्यम है योग : सांसद



**नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में किया गया सामूहिक योगाभ्यास**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बलौदाबाजार 22 जून।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून शनिवार को बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महर्षि पतंजलि के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कुशल योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने योग के विभिन आसनों का अभ्यास किया।

सांसद अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग विश्व का प्राचीन पद्धति है जिसका आर्थ जुड़ाव से है। योग मानव को मानव से जोड़ने के साथ ही सकारात्मक ऊर्जा के लिए प्रेरित करता है। योग संस्कार और संस्कृति का संवाहक है। यह वसुधैव कुटुम्बकम की भावना क़ो बल देता है। उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, शांति एवं समृद्धि के लिए योग क़ो दिनचर्या में शामिल करें। स्कूलों में प्रार्थना के साथ प्राणायाम भी नियमित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्व पटल पर पहुँचाया है।आज पूरा विश्व योग की महत्ता को समझते हुए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प के साथ ही छत्तीसगढ़ व समस्त जिलों को विकसित बनाने में योगदान देना होगा।इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने योग को दिनचर्या में शामिल करने संकल्प दिलाया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का वाचन भी किया।

हरित योग के तहत वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण - इस अवसर पर हरित योग अंतर्गत जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने कृषि उपज मण्डी परिसर में शोभादार व फलदार पौधे लगाए। इसके साथ ही वन विभाग के द्वारा सीड बॉल एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया।विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले के विकासखंड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों सहित अन्य संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

## एक नजर

### पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन 25 जून से

**बलौदाबाजार, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के ग्राम पंचायतों में आगामी 25 जून से ग्राम सभा आयोजित करने आदेश जारी किया हैं।ग्रामसभा में गणपूर्ति एवं अधिक से अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व सरपंच व सचिव की होगी। ग्राम सभा में पंचायतों में विगत तिमाही की आय- व्यय की समीक्षा, पिछली वर्ष विभिन्न योजनाओं के काम क़ा वाचन, नरेगा अंतर्गत ग्रामीण परिवारों का रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराए गये कार्य की समीक्षा, पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण, मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण पर चर्चा, कर आरोपण एवं वसूली की समीक्षा सहित विकास कार्यों की समीक्षा होगी।

### बालोद में डायरिया से युवक की मौत

**बालोद, 22 जून।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के तरौदा गांव में डायरिया का प्रकोप देखने को मिला है। इस बीमारी की चपेट में आकर एक युवक, मोहित निसाद की मौत हो गई है। वहीं, चार अन्य मरीजों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा, गांव के करीब 15 अन्य लोगों का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य शिविर में किया जा रहा है, जहां उन्हें लक्षणों के आधार पर निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। सीएमएचओ महेश सूर्यवंशी के मुताबिक, गांव में दूषित पानी के कारण डायरिया फैलने की पुष्टि हुई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टरों की टीम गांव में पहुंची और प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत की गई। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ग्रामीणों की जांच और उपचार का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे साफ़-सफ़ाई का विशेष ध्यान रखें और केवल उबला हुआ पानी ही पीएं। गौरतलब है कि साफपेयजल और उचित स्वच्छता व्यवस्था के जरिए डायरिया जैसी बीमारियों को काफ़ी हद तक रोका जा सकता है। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव में डेरा डाले हुए हैं और बचाव कार्यों में जुटी हैं।

### प्रवेश के लिए आवेदन 25 तक

**बलौदाबाजार, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार एवं पलारी में प्रशिक्षण सत्र 2025 -26 एवं 2025 -27 के लिए प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट cgiti.admission. nic.in पर 25 जून तक कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रवेश से सबंधित अन्य जानकारी के लिए भी उक्त वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

### काउंसिलिंग 23 जून से

**बलौदाबाजार, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग के लिए तिथि व समय निर्धारित कर दिया गया है। काउंसलिंग प्रयास आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में होगा। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक हेतु 23 जून 2025 क़ो प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 24 जून 2025 क़ो प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 25 जून 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 26 जून 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एवं सामान्य वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 27जून 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। अपने साथ प्रवेश पत्र, निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण परम पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फ़ोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

## छुरा में जिला स्तरीय चरण पादुका वितरण योजना का शुभारंभ

# प्रदेश में सुशासन की सरकार गांव,गरीब, किसानों के विकास के लिए कर रही है काम : विधायक

**विधायक रोहित साहू ने 70 वर्षीय वृद्धा रूखमणी बाई को चरण पादुका पहनाकर की योजना की शुरुआत**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**गरियाबंद/छुरा, 22 जून।** शनिवार से तेंदुपत्ता श्रमिक महिलाओ के लिए राज्य सरकार की महती चरण पादुका योजना की शुरुआत हो गई। राजिम विधायक रोहित साहू ने छुरा में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में ग्राम जरगांव की 70 वर्षीय रूखमणी बाई को अपने हाथो से चरण पादुका पहना कर योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन की सरकार देने का संकल्प लिया था। उन्होंने वादा किया था कि यदि भाजपा की सरकार बनती है तो तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाली श्रमिक महिलाओं के लिए चरण पादुका योजना पुनः प्रारंभ की जाएगी, जिसे कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में बंद कर दिया था। सरकार बनने के बाद आज इसे पूरा किया जा रहा हैं। योजना के तहत जिले के 62146 महिलाओ का इसका लाभ मिलेगा।

जिला वनोपज सहकारी संघ द्वारा आयोजित इस समारोह का आयोजन छुरा विकासखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में किया गया था। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेष रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला पंचायत वन समिति सभापति शिवांगी चर्तुवेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, छुरा नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, जिला पंचायत सदस्य लेखराम ध्रुवा और नंदनी ओंकार साहू, जिला वनोपज सहकारी संघ अध्यक्ष कल्याण सिंह कपिल, उपाध्यक्ष हरचंद ध्रुव, वनोपज सहकारी संघ रायपुर प्रदेश प्रतिनिधि देवसिंह रात्रें, दयाराम नागेश उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने आगे कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति और इतिहास में चरण को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। चरण से ही प्रणाम होता है, चरण से ही आरंभ। यही भावना इस योजना के मूल में है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व की सराहना भी की। विधायक ने कहा की छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार गांव गरीब किसानों के विकास के लिए पूरी निष्ठा से पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में गरीबों, किसानों, महिलाओं और श्रमिकों के हित में लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ सीधे ज़रूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति की चिंता करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शिता के साथ विकास कार्य हो रहा है। चरण पादुका योजना जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं से यह प्रमाण है कि भाजपा सरकार श्रमिकों और जरूरतमंदों के सम्मान और सुविधा के लिए संकल्पित है।

जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने तेंदूपत्ता संग्रहण की शुरुआत कर वनवासी समाज को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा गरीबों, वनवासियों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की चिंता करती है और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहती है।

जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ चरण पादुका वितरण का नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। भाजपा सरकार जनता की सेवा कर रही है और समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है।

तेनुपत्ता वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष कल्याण सिंह कपिल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है निचले स्तर पर कार्यरत श्रमिकों को भी शासन की योजनाओं का सीधे लाभ मिले। इसलिए सरकार ने तेंदूपत्ता लाभांश में भी वृद्धि कर दी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता संग्रहण में प्रदेश स्तर पर चौथे स्थान पर है, लेकिन अगर अच्छे गुणवत्ता वाले पत्तों का संग्रहण किया जाए, तो हम पहले स्थान पर भी पहुंच सकते हैं। इसके पहले कार्यक्रम में राज्य केंद्र सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहक परिवार के लिए चलाई जाने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्रहक परिवार की महिला और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# अमोरा, भरदा लो, कपरमेटा और बोरगहन में संतृप्ति शिविर 23 को

**बालोद, 22 जून।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत सोमवार 23 जून को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भरदा लो, बालोद विकासखण्ड के ग्राम अमोरा, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बोरगहन में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सोमवार 23 जून को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भरदा लो के शिविर में खैरा, चिल्हाटीखुर्द, बैहाकुंआ, रेंगनी, रेंघई, बनगांव, खरथुली, नारगी और बिजौरा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम अमोरा के शिविर में अमोरा, गोड़री और लिमोरा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा के शिविर में कपरमेटा, अर्जुनी, चिरचारी, बगदई और नारागांव के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बोरगहन के शिविर में बोरगहन अ के ग्रामीण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्ज्वला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी।

# 30 पाव देशी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**बलौदाबाजार 22 जून।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बिटकुली में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी शराब कोचिया से 3300 कीमत मूल्य का 30 पाव देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 500 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम अभिषेक खरे उर्फ लल्ला (20) निवासी ग्राम बिटकुली थाना सिटी कोतवाली है।

### जिले के कई स्थानों में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

**बालोद, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज 21 जून को जिले के विभिन्न स्थानों में सामूहिक योगाभयास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आज शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायत मुख्यालयों, चिकित्सालयों सहित अलग-अलग स्थानों में जनप्रतिनिधियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों सहित सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। इसके अंतर्गत आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर ठेमाबुजुर्ग में विद्यार्थियों ने योग की आकृति की मानव श्रृंखला बनाकर शिक्षकों एवं ग्रामीणों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला दारूटोला में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने ग्रामीणों के साथ सामूहिक योगाभ्यास करने के पश्चात् स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया।

# ट्यूबर विवेक ने पुलिस कर्मियों को ऑनलाइन दी योग की जानकारी

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**बलौदाबाजार 22 जून।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत KHAKI TALKS कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में द्वितीय एपिसोड के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव रहकर फिट ट्यूबर विवेक मित्तल द्वारा योगा, प्राणायाम एवं डाइट प्लान के संबंध में व्याख्यान दिया गया। इस दौरान बलौदाबाजार पुलिस फेसबुक पेज को फॉलो एवं लाइक कर लोग साइबर जागरूकता संबंधी लाइव KHAKI TALKS कार्यक्रम के सहभागी बने।

फेसबुक लाइव कार्यक्रम में फिट ट्यूबर विवेक मित्तल द्वारा हमारे प्रतिदिन के कार्यक्रम के अलावा योगा प्राणायाम को भी विशेष रूप से अपने जीवन में अपनाया जाना चाहिए जानकारी देते हुए योगा एवं प्राणायाम विषयों पर लाइव रहकर जानकारी दिया गया।

फेसबुक लाइव से जुड़े विभिन्न पुलिस, आमजनों द्वारा विवेक मित्तल से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछा गया, जिस पर उनके द्वारा फैट लॉस करने के तरीके, सुगर के मरीज को किस तरह का खाना खाना चाहिए, स्कीन से संबंधित खानपान के बारे में, पूरे दिन के दिनचर्या के बारे में जानकारी दिया गया।

उन्होंने कहा कि हमें सुबह बेड टी की जगह सुबह उठकर गर्म पानी लेना या रात का रखा हुआ तांबे के लोटे का पानी पीना चाहिए।लाइव कार्यक्रम में पुलिस लाईन बलौदाबाजार के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, थाना के पुलिसकर्मी, एवं अन्य नागरिक सहित ऑनलाइन हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए तथा संपूर्ण ऑनलाइन लाइव कार्यक्रम की सराहना की गई।

## आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में हर्षोल्लास से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योगविद् धनंजय ने योग के आसनों के लाभ बताए

**स्वस्थ तन, संतुलित मन, श्रेष्ठ विचारों का सार है योग**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**छुरा, 22 जून।** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा प्रांगण पर हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विकासखंड स्तरीय योगाभ्यास की जिम्मेदारी एससीईआरटी के राज्य स्तरीय योग प्रशिक्षक शंकर लाल यदु, भारत स्वाभिमान न्यास जिलाध्यक्ष संतराम कंवर एवं पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा को दी गई थी। योगाचार्य शंकर लाल यदु द्वारा वंदना के साथ योग सत्र की शुरुआत की गई। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने ओम की पवित्र ध्वनि द्वारा प्रणव प्राणायाम एवं संगठन मंत्र के साथ योग संगम एवं हरित योग का गणेश किया। सिन्हा द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार शिथिलीकरण के अभ्यास ग्रीवाचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, स्कंध संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, वक्रासन, उत्तान मंडूकासन, शशकासन, पेट के बल लेटकर किए जाने वाले भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, बालासन, पीठ के बल किए जाने वाले सेतुबंध आसन, पवन मुक्तासन, उत्तान पाद आसन, अर्ध हलासन, पूर्ण हलासन, शवासन का विधि पूर्वक अभ्यास कराया गया। सिन्हा द्वारा आसनों के लाभ, सावधानी को बताया गया। सिन्हा ने अष्टांग योग को परिभाषित करते हुए कहा कि योग सेहत, शक्ति, संतुलन और सफलता की कुंजी है। योग तन, मन और आत्मा को जोड़ता है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के मास्टर ट्रेनर संतराम कंवर ने ऊर्जा शक्ति के विकास के लिए प्राणायाम का अभ्यास कराया। कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, ध्यान शीतली प्राणायाम का अभ्यास कराया। कंवर ने कहा कि योग करने से पूर्व, कब करें, कहां करें, कैसे करें, आसनों के लाभ, सावधानी आदि का विशेष ध्यान रखना चाहिए। विशेषज्ञ मार्गदर्शक की देखरेख में ही योग करना चाहिए। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग आत्म संतुलन का मार्ग प्रशस्त करता है। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि योग हमें संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान से जोड़ता है।

# स्कूल और कॉलेज में योग अनिवार्य व नियमित होना चाहिए : ज्ञानेश शर्मा



**रायपुर, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा माहाविद्यालय व दिशा कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में विप्र कॉलेज के सभागार में ÷रोल आफयोगा प्रैक्टिस इन द डेवलपमेंट आफफिजिकल एंड मेंटल एबिलिटी आफप्लेयर ÷विषय पर शारीरिक शिक्षा एवं योगा विभाग द्वारा आयोजित सेमीनार के दूसरे दिन तकनीकी सत्र व योग दिवस का आयोजन किया गया। नेशनल सेमिनार का समापन समारोह छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. राजेश गुप्ता एमबीबीएस ,एमडी , रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।समापन अवसर पर ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में योग अनिवार्य और नियमित होना चाहिए। विद्यार्थियों को अल्पायु से ही योग की शिक्षा दी जाए तो युवाओं का भविष्य बेहतर होगा और यह विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा।

एक नजर

## सचिन पायलट कल से दो दिवसीय छग दौरे पर

**रायपुर, 22 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर 23-24 जून को रायपुर आएंगे। इस दौरान वे संगठन की समीक्षा करेंगे और आगामी रणनीति को लेकर पार्टी के नेताओं से चर्चा करेंगे। दौरे के दौरान सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ मासिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाएंगे। साथ ही वे प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी लेंगे। बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को को मजबूती प्रदान करने के लिए वे नेताओं से चर्चा करने के बाद संगठन के गतिविधियों के संबंध में पूरी जानकारी लेंगे।यहां के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद संगठन के कार्यक्रम और सरकार के विभिन्न मुद्दों पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के संबंध में निर्णय लेंगे। बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई जिलों में नियुक्तियां अभी तक नहीं हो पाई है। नई नियुक्तियों के संबंध में भी वे यहां पर वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद निर्णय ले सकते हैं। राज्य में कई जिला कांग्रेस अध्यक्षों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। उनके स्थान पर नई नियुक्ति की जानी है।

## पति ने पत्नी और बच्चे पर हंसिया से किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**रायपुर, 22 जून।** राजधानी रायपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां एक पति ने अपनी अलग रह रही पत्नी और मासूम बच्चे पर हंसिया से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पति की क्रूरता साफदिख रही है। यह पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता चेतनी परमार अग्रवाल साइकिल शोरूम में साफ-सफाई का काम करती हैं। शुक्रवार सुबह (जून 21, 2024) जब वह शोरूम के बाहर निकलीं, तो उनके पति युगांधर परमार ने उन्हें देख लिया। युगांधर ने चेतनी को अपने साथ मंदिर हसौद चलने के लिए कहा, लेकिन जब पीड़िता ने इनकार कर दिया, तो उसने अपने कपड़ों में छिपाकर रखा हंसिया निकाला और उस पर अंधाधुंध वार करना शुरू कर दिया। हमले के वक्त चेतनी की गोद में उनका बच्चा भी था, जिसे भी चोटें आई हैं। चेतनी को पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। अपनी जान बचाने के लिए महिला दौड़ते हुए एक कॉम्प्लेक्स में घुस गई। शोर सुनकर कुछ लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी पति वहां से भाग निकला। पीड़िता चेतनी ने तुरंत सिविल लाइन थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफजानलेवा हमले की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह पिछले तीन साल से अपने पति से अलग रह रही थीं।

# तोमर बंधुओं के 200 करोड़ के बैंक फ्रॉड का पर्दाफाश

## एक बाद एक खुल रहे हैं कई राज

**रायपुर, 22 जून।** रायपुर के तोमर बंधुओं के काले कारनामों का कच्चा चिट्ठा खुलने लगा है। आरोपियों ने बैंक के कर्मचारियों के साथ सांठ-गांठ करने फर्जी तरीके से 200 करोड़ का बैंक फ्रॉड किया है। उसी पैसे से अवैध संपत्ति बनाई है। फिलहाल दोनों भाई फरार चल रहे हैं। पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश कर रही है।

हिस्ट्रीशीटर सूदखोर तोमर बंधुओं की गैरकानूनी गतिविधियों की परतें एक-एक कर खुलने लगी हैं। पुलिस व निगम की जांच में एक के बाद एक परतें खुलती जा रही है। वीरेंद्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर ने करीब 200 करोड़ रुपये का बैंक फ्रॉड कर अवैध संपत्ति और सूदखोरी का साम्राज्य खड़ा कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, तोमर बंधुओं ने सुंदर नगर स्थित दो बैंक के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर एजेंट विकास शर्मा के जरिए फर्जी आधार-पैन पर होम और पर्सनल लोन स्वीकृत कराए। फर्जी पासबुक एंट्री के जरिए



गाड़ियों की खरीदी कर उन्हें बिहार, यूपी और नेपाल में बेच दिया जाता था।

### पांच टीमें आरोपियों की तलाश में मार रहीं छापे

पुलिस ने पांच टीमें गठित कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। संभावना है कि उन्हें भगोड़ा घोषित कर प्रदेशभर में पोस्टर जारी किए जाएं। नगर निगम भी अवैध निर्माण पर कार्रवाई की तैयारी में है।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन, सीएम होंगे अध्यक्ष

**रायपुर, 22 जून।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन कर दिया है। इस नवगठित प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, जबकि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।

प्राधिकरण में छत्तीसगढ़ के विधायकों या सांसदों में से दो सदस्यों को अध्यक्ष नामांकित करेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव को मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सदस्य बनाया गया है और राहत आयुक्त को पदेन सदस्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राधिकरण में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले एक गणमान्य नागरिक को भी अध्यक्ष द्वारा नामांकित किया जाएगा। साथ ही अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव स्तर के दो अधिकारियों को भी अध्यक्ष नामित करेंगे। राजस्व विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्राधिकरण की बैठकें आवश्यकता अनुसार समय



और स्थान तय कर बुलाई जाएंगी, जिसकी अध्यक्षता स्वयं अध्यक्ष करेंगे। प्रत्येक सदस्य को एक मत का अधिकार होगा। निर्णय बहुमत से लिए जाएंगे। यदि मत बराबर हों, तो अध्यक्ष का निर्णय निर्णायक माना जाएगा। बैठक की सूचना सचिव के हस्ताक्षर से कम से कम सात दिन पहले भेजी जाएगी। बैठक की वैधता के लिए कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य उपस्थित होने चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता, तो बैठक दो घंटे के लिए स्थगित की जा सकती है और पुनः आयोजित बैठक में गणपूर्ति की बाध्यता नहीं रहेगी। राहत आयुक्त का कार्यालय प्राधिकरण का सचिवालय होगा। प्राधिकरण को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रदत्त समस्त अधिकार और जिम्मेदारियां प्राप्त होंगी। अशासकीय सदस्यों को यात्रा और अन्य भत्तों का लाभ राज्य सरकार के नियमानुसार मिलेगा।

## फर्जी अफसर और डीएसपी रैंक के अधिकारी के बीच हुई चैट वायरल

**रायपुर, 22 जून।** खुद को एसीबी/ईओडब्ल्यू अधिकारी बताकर महिला पटवारी के पति से लाखों की ठगी करने वाले हसन आबिदी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब इस मामले में उसकी एक डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ व्हाट्सएप चैट सामने आई है, जिससे साफ होता है कि उगाही के इस खेल में दोनों के बीच मिलीभगत थी। सूत्रों के मुताबिक, यह चैट 15 अक्टूबर से 22 दिसंबर 2024 के बीच की बताई जा रही है। वायरल चैट में हसन डीएसपी से महिला पटवारी से जुड़े एक मामले को देखने की बात करता है, जिस पर डीएसपी 'ओके' लिखकर जवाब देते हैं। इसके अलावा, बातचीत में डीएसपी द्वारा अपने ही विभाग को लेकर आपत्तिजनक बातें भी लिखी गई हैं, जिन पर हसन तंज कसते हुए जवाब देता है कि कोई बात नहीं, जब आप एसएसपी बनेंगे तब सबको डांटना जिस पर अधिकारी फिर से 'ओके' लिखते हैं। जानकारी के अनुसार, जिस अधिकारी की यह बातचीत सामने आई है, वह पहले विभाग के एक अहम विंग में तैनात रह चुके हैं और तत्कालीन शासन-प्रशासन में उनकी अच्छी पहुंच थी। इस बीच, पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद हसन आबिदी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हसन पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया के जरिए खुद को रसूखदार दिखाकर लोगों को भ्रमित करता था। उसके प्रोफाइल पर कई बड़े नेताओं और अफसरों के साथ तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं।

### आरोपी कारोबारी सिद्धार्थ की डायरी से हुआ बड़ा खुलासा

# रायपुर के होटल में रची गई थी घोटाले की साजिश

**रायपुर, 22 जून।** झारखंड शराब घोटाले की साजिश रायपुर के एक बड़े होटल में सिंडिकेट के साथ मिलकर रायपुर के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने रची थी। झारखंड एसीबी की जांच में राजफाश हुआ है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, होटल कारोबारी अनवर ढेबर, आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी सहित अन्य सहयोगियों ने इस घोटाले को अंजाम देने का काम सिद्धार्थ को सौंपा था।



जांच में सामने आया है कि मई 2022 में झारखंड में नई उत्पाद नीति लागू होने पर तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे के कार्यकाल में शराब दुकानों के मैनपॉवर टेंडर की शर्तें सिंडिकेट के निर्देश पर सिंघानिया ने अपने अनुसार तय करवाई थी। छापेमारी में मिली डायरी से सिंडिकेट के गठजोड़ का रहस्योद्घाटन हुआ है। एसीबी ने सिद्धार्थ को गिरफ्तार कर रांची के एसीबी कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में भेज दिया गया।

जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक शराब सिंडिकेट में शामिल सिद्धार्थ सिंघानिया के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी विजय भाटिया, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, अनिल टुटेजा और झारखंड के पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे से तगड़े कनेक्शन मिले हैं।

### ऐसे किया घोटाला

बेंगलुरु की मैनपावर सप्लाई कंपनी सुमित फैसिलिटीज का छत्तीसगढ़ प्रमुख सिद्धार्थ पर आरोप है कि उसने झारखंड की खुदरा शराब दुकानों में मैनपावर आपूर्ति का ठेका लिया था। वह छत्तीसगढ़ की प्लेसमेंट एजेंसी ईगल हंटर साल्यूसंस, ए-टू-जेड इंफ्रा सर्विसेज और मेसर्स प्राइम वन का झारखंड में प्रतिनिधित्व करता था। इन एजेंसियों पर शराब की खुदरा बिक्री का 450 करोड़ रुपये झारखंड सरकार के खाते में जमा नहीं करने का आरोप है, जिसका मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। यहीं नहीं, छत्तीसगढ़ और झारखंड के कई शराब व बियर बार में भी इसकी हिस्सेदारी के सुबूत मिले हैं।

### शराब बेचकर पैसे सिंडिकेट को पहुंचाए

सूत्र बताते हैं कि झारखंड के पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे के साथ शराब सिडिंकेट से जुड़े लोगों की बैठक अक्सर रायपुर के फाफाडीह स्थित बड़े होटल में होती थी। इन बैठकों में सिद्धार्थ सिंघानिया भी शामिल होता था। सिडिंकेट के कहने पर उसे छत्तीसगढ़ व झारखंड की शराब दुकानों में कार्यरत सुपरवाइजर, कर्मचारियों से नकली होलोग्राम वाली शराब की बिक्री करवाने के साथ बिक्री की रकम को कर्मचारियों के बैंक खाते में डलवाने का काम सौंपा गया था। बाद में वह पूरी रकम को सिंडिकेट तक पहुंचाता था।

# खरीदी केंद्रों से 84 हजार मीट्रिक टन धान गायब

## मंत्री ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश, सरकार को 26 करोड़ का लगा चूना

**रायपुर, 22 जून।** छत्तीसगढ़ के धान खरीदी केंद्रों से 84 हजार मीट्रिक टन धान गायब हो गए हैं, जिससे सरकार को 26 करोड़ से अधिक का नुकसान हो रहा है। राजधानी के खरोरा के पचारी धान खरीदी केंद्र में 425 क्विंटल धान चोरी हुए। जांच में धान चोरी की पुष्टि और 10 लाख के नुकसान पर एफआईआर कराने के निर्देश जिला सहकारी बैंक को दिए गए हैं।

इधर, रायपुर जिला सहकारिता उप पंजीयक डीडी जोगंश ने बताया कि खरोरा की तरह रायपुर के 28 से अधिक केंद्रों में धान के शोर्टेज है। इस पर जांच की जा रही है। वसूली नहीं होने की स्थिति में एफआईआर के निर्देश दिए गए है। प्रदेश भर में अन्य धान केंद्रों से धान गायब होने की जानकारी सामने आई है।

**संभाग वार धान गायब होने की स्थिति:** प्रदेश में खरीफ वर्ष 2024-25 में 149 मीट्रिक धान की खरीदी की गई थी। खरीदी केंद्रों से 72 घंटे में धान उठाव करने के निर्देश थे, लेकिन कई केंद्रों में समय पर उठाव नहीं होने के कारण कई अनियमितता सामने आई है। प्रदेश के पांच संभागों के खरीदी केंद्रों का मिलान करने पर 84 हजार मीट्रिक टन धान की कमी पाए जाने पर मार्कफेड और सहकारिता विभाग एक्सन में आया। रायपुर संभाग में 17048.03 मेट्रिक टन, बस्तर संभाग में 21629.3 मेट्रिक टन, बिलासपुर संभाग में 6512.41 मेट्रिक टन, दुर्ग संभाग में 28246.46 मेट्रिक टन और सरगुजा संभाग में 9877.76 मेट्रिक टन धान का शार्टेज पाया गया है।



### उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई : केदार

धान शोर्टेज के मामले में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रों से धान चोरी और गायब होने के मामले पर गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है, इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। धान के शार्टेज पर मार्कफेड की संचालक किरण कौशल ने कहा, प्रदेश में जहां भी धान के शोर्टेज की स्थिति है, उसे लेकर विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26